दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 25 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 93 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# यूपी में भाजपा सरकार के 8 साल पूरे
## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड

### डबल इंजन की सरकार में यूपी में विकास हुआ: योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को 8 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर सीएम योगी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सीएम ने इस मौके पर कहा, प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक मार्गदर्शन और विजनरी नेतृत्व में सेवा सुरक्षा सुशासन के 8 साल पूरे हो रहे हैं। सीएम ने आगे कहा, 8 वर्ष की इस शानदार यात्रा में जनता का व्यापक समर्थन हासिल हुआ, इसके लिए उनका आभार।

इसी मौके पर सीएम ने 8 वर्ष का रिपोर्ट कार्ड सभी के सामने रखा। सरकार के 8 साल पूरे होने पर 25,26,27 मार्च को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर सरकार समग्र विकास के कार्यों को लेकर विकास उत्सव के रूप में मनाएगी। इसमें सभी सेक्टर्स के लाभार्थी युवा महिला, उद्यमी सभी के सम्मान के लिए 3 दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार से शुरू होंगे।

सीएम योगी ने इस मौके पर कहा, 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी आप सभी जानते हैं, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर क्या था, यह किसी से छिपा नहीं है। यही प्रदेश है जहां किसान आत्महत्या करते थे, युवा के सामने पहचान का संकट था, इसी प्रदेश में दंगे अराजकता थी। इन्हें उत्तर प्रदेश ने झेला था। प्रदेश वही है, तंत्र वही है, सिर्फ सरकार बदलने से व्यापक बदलाव कैसे होता है, इसको महसूस किया जा रहा है।

**यूपी बना अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन :** सीएम ने आगे कहा, सरकार के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन हुआ, उसकी वजह से जो उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था, वो आज देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। आज प्रत्येक सेक्टर में राज्य देश के विकास में ब्रेक थ्रू के रूप में देखा जा रहा है।

**कृषि क्षेत्र में हुए बदलाव :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा, 2017 के पहले एग्रीकल्चर के क्षेत्र में उत्तरप्रदेश उपेक्षित था। उत्तर प्रदेश प्राचीन समय से ही कृषि प्रधान रहा, हमारे पास प्रकृति की प्रचुर मात्रा में अवसर थे, हम इसको आगे बढ़ा सकते थे, 2017 के पहले किसान आत्महत्या करता था, कृषि

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर क्या देंगे कारण बताओ नोटिस के जवाब से बड़ा संदेश

### उनके संभावित जवाब को लेकर छा गया है सियासी गलियारों में सस्पेंस



> “नोटिस प्राप्त होने के बाद उन्होंने एक लैटर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को भी लिखा। अब जब सत्ताधारी दल के विधायक को संगठन की ओर से नोटिस प्राप्त हुआ है तो सभी की निगाहें इस बात पर है कि वो लैटर के जवाब में स्पष्टीकरण क्या देते हैं। लोनी विधायक स्वयं अधिवक्ता भी हैं, वो एक वक्ता भी हैं और उन्हें ये भी पता है कि किस मौके पर कौन सा अस्त्र चलाना है। लिहाजा ऐसे में वो स्पष्टीकरण के जरिए कोई बड़ा खुलासा भी कर सकते हैं।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। लोनी में भागवत कथा के दौरान निकाली जा रही यात्रा को रोके जाने के बाद से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सीधे-सीधे मोर्चा खोला है। वो अन्न-जल त्यागने की बात कह रहे हैं और इस घटनाक्रम में फट गए अपने कुर्ते को पहनकर सब जगह जा रहे हैं। उन्होंने सरकार पर हमला बोला, उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और विधायक नंदकिशोर गुर्जर इन दिनों टीवी चैनलों पर छाए हुए हैं। विपक्ष के नेता उनके बयानों को साझा कर रहे हैं। इन सबके बीच रविवार को भाजपा ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। अब विधायक नंदकिशोर गुर्जर को इस नोटिस का जवाब देना है। हालांकि विधायक नंदकिशोर गुर्जर पहले से ही कई लैटर लिख चुके हैं। नोटिस प्राप्त होने के बाद उन्होंने एक लैटर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को भी लिखा। अब जब सत्ताधारी दल के विधायक को संगठन की ओर से नोटिस प्राप्त हुआ है तो सभी की निगाहें इस बात पर है कि वो लैटर के जवाब में स्पष्टीकरण क्या देते हैं। लोनी विधायक स्वयं अधिवक्ता भी हैं, वो एक वक्ता भी हैं और उन्हें ये भी पता है कि किस मौके पर कौन सा अस्त्र चलाना है। लिहाजा ऐसे में वो स्पष्टीकरण के जरिए कोई बड़ा खुलासा भी कर सकते हैं। वहीं भाजपा का एक वर्ग ये मानता है कि जो नोटिस मिला है वह पार्टी का अंदरूनी मामला है और ये भी हो सकता है कि लोनी विधायक स्पष्टीकरण दें लेकिन उसे सार्वजनिक ना करें, लेकिन भाजपा की एक लॉबी ये मानकर चल रही है कि इस पूरे मामले की चाबी कहीं ओर से भी भरी गई है। ऐसे में निगाहें इसी बात पर है कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर अपने ऊपर लगे आरोपों का क्या जवाब देंगे और जब वो ये पूरा लैटर लिखेंगे तो उसके मैटर में वो किसे-किसे शामिल करेंगे। वो भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं तो क्या स्पष्टीकरण में वो इस बात को स्पष्ट करेंगे कि किस तरह से भ्रष्टाचार फैल रहा है। क्या उनके स्पष्टीकरण के खुलासे की चपेट में कई बड़े चेहरे आएंगे। क्या उनका स्पष्टीकरणआने वाले टाइम में एक बड़ा सियासी मुद्दा बन सकता है। फिलहाल पूरे प्रकरण को लेकर सस्पेंस छाया हुआ है और विधायक नंदकिशोर गुर्जर स्पष्टीकरण में क्या-क्या और किसी तरीके से स्पष्ट करेंगे इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। बड़ी बात यही है कि वो अपने स्पष्टीकरण में पार्टी के किन चेहरों को निशाने पर लेंगे और उनके स्पष्टीकरण के बाद पार्टी उन्हें लेकर क्या फैसला लेगी।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने खोला दिशा की बैठक में ना आने का राज
## कहा- पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही को मैंने भेजा था प्रतिनिधि के रूप में




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के भगवा गलियारों में अक्सर पावर सेंटर की बात चलती है। दिशा की बैठक हुई तो एक पावर सेंटर इस बैठक में एंटर नहीं हुआ। आमतौर पर सांसद की बैठक में सभी विधायक आते हैं। इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जाता है और दिशा की बैठक में सभी विधायक अपनी-अपनी विधानसभा के विकास के प्रस्ताव लेकर आते हैं। कलक्ट्रेट सभागार में जब दिशा की बैठक हुई तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा नजर नहीं आए। सुनील शर्मा ने इस बैठक से खुद को दूर कर लिया। या कोई ऐसा कारण था कि वो नहीं आए, ये सवाल सभी के मन में चल रहा है। आखिर वो इस बैठक से क्यों दूर हो गए और दिशा की बैठक से दूरी का क्या संदेश है इसको लेकर करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा से बात की।

सनील शर्मा ने कहा कि वह इस बैठक के दिन जिले में नहीं थे। वह उड़ीसा गए थे। क्या बैठक की सूचना उनके पास नहीं थी, तो इसके लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि उनके मित्र धर्मेंद्र प्रधान के पिता का निधन उड़ीसा के भूवनेश्वर में हो गया था। उनका वहां जाने का कार्यक्रम 23 मार्च को था, लेकिन उन्हें यह सूचना मिली कि धर्मेंद्र प्रधान 22 को ही उड़ीसा में मिलेंगे। लिहाजा वह इसलिए उड़ीसा गए थे। हालांकि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये भी कहा कि दिशा की बैठक में उन्होंने अपने प्रतिनिधि के रूप में पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही को भेजा था और यहां उन्होंने यह भी दोहराया कि पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही को केवल दिशा की इसी बैठक के लिये उन्होंने प्रतिनिधि के रूप में भेजा था। जब उनसे पूछा गया कि क्या दिशा की बैठक में आपने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से अपनी विधानसभा साहिबाबाद क्षेत्र के लिये विकास का कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैंने कोई विषय नहीं रखा और अपनी विधानसभा क्षेत्र के लिये सांसद से कोई आग्रह भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र साहिबाबाद में विकास के बहुत काम हो रहे हैं। कई प्रस्ताव पहले से पारित हैं, लिहाजा ऐसी कोई स्थिति थी नहीं थी कि दिशा की बैठक में सांसद के समक्ष प्रस्ताव रखा जाता है।

# 45 हजार वर्ग मीटर जमीन में बनी निवाड़ी शूटिंग रेंज में उड़ रही है धूल

### कारतूस खा रहे हैं जंग और एक मिनट में खत्म हो जाती है बैठक



### मामला संज्ञान में आया है, एक्शन लेंगे: जिलाधिकारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिन उद्देश्यों के साथ निवाड़ी में शूटिंग रेंज का निर्माण हुआ था वो उद्देश्य पूरे नहीं हुए हैं और निवाड़ी की शूटिंग रेंज में धूल उड़ रही है।

जिला राइफल एसोसिएशन की परमीशन भी केवल कागजों पर है और इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। वर्ष 2016 में निवाड़ी में 45 हजार वर्ग मीटर जमीन पर शूटिंग रेंज का निर्माण हुआ था। इसके लिये जिला राइफल एसोसिएशन को कमान दी गई थी। राइफल एसोसिएशन के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं। पदेन सचिव सिटी मजिस्ट्रेट होते हैं और निगम पार्षद राजीव शर्मा को इसका संयुक्त सचिव बनाया गया। यहां पर शूटिंग की प्रतियोगिताएं होनी थीं। बताया जात है कि वर्ष 2016, 2017 में यहां मेरठ मंडल स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता हुई। इसके बाद यहां की गतिविधियां शांत हो गई। 2017 जो जिलाधिकारी आए उन्होंने शूटिंग रेंज को लेकर ज्यादा रूचि नहीं ली। नतीजा ये हुआ कि जो कारतूस आए थे वो आज जंग खा रहे हैं। लगभग 3000 कारतूस हैं। निवाड़ी शूटिंग रेंज में जो काम होने थे , वह भी नहीं हुए। फिलहाल कुछ समय पहले एक गेट जरूर लगाया गया है। शूटिंग रेंज का जो शुल्क आता है वो अन्य मद में खर्च हो रहा है। बताया जाता है कि यहां बनाई गई शूटिंग रेंज में एक शैड का निर्माण होना था, एक हॉल बनाया जाना था।

**निवाड़ी शूटिंग रेंज की स्थिति को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने डीएम आईएएस दीपक मीणा से बात की**

(करंट क्राइम)। निवाड़ी शूटिंग रेंज की स्थिति को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद के डीएम आईएएस दीपक मीणा से बात की। उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है। वह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही यहां पर गतिविधियां संचालित होंगी।

# 3000 कारतूस पड़े हैं बेकार, कोई सुनने को नहीं तैयार : राजीव शर्मा



(करंट क्राइम)। निवाड़ी शूटिंग रेंज की स्थिति को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने जिला राइफल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव निगम पार्षद राजीव शर्मा से बात की। उन्होंने कहा कि 3000 कारतूस इसके लिये आए थे, इनमें 12 बोर, 32 बोर और .22 बोर के कारतूस हैं। ये कारतूस सेफ कस्टडी में लोहियानगर के हरी सिंह गन हाउस पर रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि कारतूसों की एक मियाद होती है और दस साल पुराने कारतूस की एफिसियंसी कम हो जाती है। राजीव शर्मा ने कहा कि निवाड़ी की शूटिंग रेंज आगरे के बाद दूसरे नंबर पर है, जिसके बाद इतना स्थान है, ये 45 हजार वर्ग मीटर में बनी शूटिंग रेंज है। उन्होंने कहा कि जिला राइफल एसोसिएशन की बैठक छह महीने पहले हुई थी। कई बार इन बैठकों ये होता है कि सक्षम अधिकारी आते नहीं हैं और जूनियर अधिकारी निर्णय नहीं ले पाते, लिहाजा बैठक का कोई सार नहीं निकलता है। उन्होंने कहा कि यदि इस पर ध्यान दिया जाए तो यहां के हालात सुधर सकते हैं। राजीव शर्मा ने कहा कि जिले में हथियार नवीनीकरण के लिये भी शूटिंग रेंज का इस्तेमाल होता है। जिनके हथियार का नवीनीकरण होना है वो इस शूटिंग रेंज पर आकर फायर करते हैं और यह देखा जाता है कि शस्त्र धारक हथियार चला पा रहा है, लेकिन असल स्थिति ये है कि मौके पर कोई नहीं जाता है। अगर इसकी तरफ ध्यान दिया जाए तो ये शूटिंग रेंज कई अच्छे खिलाड़ी भी दे सकती है और इसके फंड का सदउपयोग भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिला राइफल एसोसिएशन का फंड ही लगभग दो करोड़ रुपए होगा। यदि अधिकारी इस पर ध्यान दें तो इस शूटिंग रेंज को जनहित में अधिक क्षमता के साथ चलाया जा सकता है।

# नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव होगा अब दो महीने के बाद

### पर्ची सिस्टम से राजीव शर्मा हुए थे आउट, लेकिन स्थिति को लेकर अब भी डाउट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद बड़ा पद माना जाता है। नगर निगम में बोलचाल की भाषा में इस पद को डिप्टी मेयर कहा जाता है। पूर्व पार्षद सुनील यादव सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहे हैं, लेकिन निगम का ये सदन ऐसा सदन है जो एक लंबे समय से बिना कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के ही चल रहा है। निगम उपाध्यक्ष की जरूरत क्या सदन को नहीं है। निगम उपाध्यक्ष चुनाव का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में क्या चला गया। बताते हैं कि राजीव शर्मा के पर्ची सिस्टम से आउट होने के बाद फिर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव ही नहीं हुआ। नौ महीने से नगर निगम का सदन बिना उपाध्यक्ष के चल रहा है। राजीव शर्मा 2024 में निगम कार्यकारियणी उपाध्यक्ष पद से पर्ची सिस्टम के जरिये बाहर हो गए थे, लेकिन बाहर होने के बाद भी वो निवर्तमान कार्यकारिणी उपाध्यक्ष कहलाएंगे क्योंकि उनके स्थान पर चुनाव नहीं हुआ। उनके स्थान पर किसी अन्य को निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष नहीं बनाया गया, लिहाजा कार्यकारिणी से बाहर होने के बाद भी राजीव शर्मा निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर माने जाएंगे। जुलाई 2024 में पर्ची सिस्टम से वो बाहर हुए थे और नौ महीने से नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का इंतजार हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि अब नए कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का चुनाव दो महीने बाद होगा। क्योंकि दो महीने बाद कार्यकारिणी सदस्यों का भी कार्यकाल खत्म हो रहा है और फिर उसी के बाद चुनाव होगा। उपाध्यक्ष का कार्यकाल एक साल का होता है, लेकिन ये भी एक अजीब बात रही है कि नौ महीने तक नगर निगम कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष का पद खाली रहा और कोई चुनाव ही नहीं हुआ।

### प्रवीण चौधरी, शीतल चौधरी सहित हो जाएंगे कई कार्यकारिणी से बाहर

(करंट क्राइम)। दो महीने बाद नगर निगम कार्यकारिणी सदस्यों की समय सीमा समाप्त हो रही है। यहां शीतल चौधरी, प्रवीण चौधरी, अजय शर्मा और मनोज त्यागी नगर निगम कार्यकारिणी से आउट हो जाएंगे और ऐसे में अब नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव दो महीने बाद ही होगा। क्योंकि पहले निगम कार्यकारिणी सदस्य चुने जाएंगे और उसके बाद उपाध्यक्ष का चुनाव होगा और जो भी उपाध्यक्ष बनेगा उसे पूरा एक साल का कार्यकाल मिलेगा।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की समन्वयक बैठक

### नगर आयुक्त ने दिए निर्देश, सीएम ग्रिड में टीम के रूप में कार्य करें सभी विभाग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा सीएम ग्रिड के अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में विद्युत, आईजीएल, ट्रैफिक, विज्ञापन तथा पीडब्ल्यूडी विभाग की बैठक हुई जिसमें आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं को रफ्तार देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एसीपी ट्रैफिक जहाजुद्दीन अहमद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, विद्युत विभाग से अमित सक्सेना तथा एस ई अखिलेश सिंह, आईटीएमएस से डीके शर्मा तथा आईजीएल में एफकोन कंपनी की टीम उपस्थित रही जिनके द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर चल रहे कार्यों की प्रगति की प्रेजेंटेशन टीम को दी

शेष, पृष्ठ 8

# सीएम योगी ने पेश की 8 साल के कार्यकाल की विस्तृत रिपोर्ट

## डबल इंजन की सरकार में यूपी में विकास हुआ

## यूपी का देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान

### आज यूपी में 16 एयरपोर्ट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर जारी एक पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति' पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी जारी की। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की भी मौजूदगी रही।

आपको बता दें कि योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर यूपी बीजेपी 'उत्सव' मना रही है, जिसकी शुरूआत सोमवार से हो गई है। यह 'उत्सव' 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके तहत पार्टी प्रदेश के जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की तमाम उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम योगी ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार में युवाओं, महिलाओं के लिए काम हुआ है। जनता ने 8 सालों में भरपूर समर्थन दिया है। बेटियां, व्यापारी पहले सुरक्षित नहीं थे लेकिन अब सुरक्षा की गारंटी है।

सीएम ने आगे कहा कि पूर्व की सरकारों में लोगों ने दंगे, आतंक कोदेखा। 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज वही प्रदेश अर्थ शक्ति के रूप में उभरा है। पहले यूपी को विकास का ब्रेक माना जाता था, पर आज वही यूपी विकास का उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश वही है, जनता वही है, सिस्टम वही है, सिर्फ सरकार बदलने मात्र से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार के



### 8 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी

8 साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- ₹प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और उनके विजनरी नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार के 8 साल पूरे हुए हैं।।। मैं उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। सीएम योगी ने आगे कहा, ₹हममें से ज्यादातर लोग जानते हैं कि 8 साल पहले यूपी की स्थिति और पहचान क्या थी। 8 साल पहले यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था की हालत छिपी नहीं थी। यूपी के सामने पहचान का संकट था, किसान आत्महत्या कर रहे थे, युवा संघर्ष कर रहे थे, बेटियां और व्यापारी असुरक्षित थे और दंगों और ध्वस्त कानून व्यवस्था की वजह से लोग खराब अर्थव्यवस्था को बर्दाश्त कर रहे थे। राज्य और मशीनरी आज भी वही हैं, लेकिन हम देख सकते हैं कि कैसे सरकार बदलने से बड़े बदलाव हो सकते हैं।

#### पंद्रह करोड़ लोगों को दिया मुफ्त राशन

सीएम योगी ने 8 साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमने प्रदेश के पंद्रह करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दिया है। कोरोना जैसी महामारी के दौरान सबके भोजन का प्रबंध किया। हमने प्रदेश के लाखों बेघरों को पक्का मकान दिया है। जो अबतक के सरकारों ने नहीं किया था वो हमने किया है। अपनी उपलब्धि गिनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज हमारी सरकार ने बनाया है। प्रदेश के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिले इसके लिए हमने ये फैसला किया। हर रोज नए फैसले लिए जा रहे हैं। जिससे प्रदेश के लोगों का विकास हो। इतना ही नहीं पिछले 8 सालों में यूपी में जितने पर्यटक आए, इतना कभी भी नहीं आए थे। अयोध्या, मथुरा, काशी, प्रयागराज में खूब श्रद्धालु भी पहुंचे।

# साहिल के कमरे में मिली तस्वीर का नेपाली तंत्र-मंत्र से कनेक्शन!

## सभी को नहीं आती यह विद्या, नशे में ही किया जाता है इस तांत्रिक क्रिया को



**मेरठ।** मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। कातिल साहिल शुक्ला के कमरे से मिली तस्वीरों में एक विचित्र तस्वीर का संबंध नेपाली तंत्र-मंत्र से कनेक्शन बताया गया है। तंत्र विद्या के जानकारों का कहना है कि यह नेपाली तंत्र विद्या है। सभी को यह विद्या नहीं आती, जिसमें बलि तक दी जाती है। नशे में ही इस तांत्रिक क्रिया को किया जाता है।

आपको बता दें कि सौरभ राजपूत की हत्या करने के आरोपी मुस्कान के प्रेमी साहिल शुक्ला के कमरे में एक शैतानी वॉल पेंटिंग भी बनी है। यह पेटिंग एक दीवार पर हाथ से बनाई गई थी। इसमें तंत्र-मंत्र से जुड़े संकेत नजर आ रहे हैं। साहिल के कमरे की दीवारों पर कई ऐसी पेंटिंग भी मिलीं, जिससे उसके साइको होने और भूत प्रेतों में रुचि रखने का अंदेशा भी जताया गया है। एक पेंटिंग्स में एलियन का चेहरा और काले पेन से डॉट बने हैं जिस पर पेन से आकृति बनाई गई है 'यू केन नॉट ट्रिप विद अस'। इसका मतलब है कि आप हमारे साथ ट्रिप पर नहीं जा सकते।

**1. पेंटाग्राम और 666 पांच नुकीले तार :** पेंटाग्राम के साथ 666 अंक जुड़े हैं, जो आमतौर पर शैतानी या तांत्रिक धारणाओं से जुड़े होते हैं।

**2. सींगों वाला खोपड़ी चेहरा और पंख :** केंद्र में एक भयावह आकृति दिखाई दे रही है। इसके बड़े लाल और काले पंख हैं और मुड़े हुए सींग हैं।

**3. टपकता हुआ खून और जंजीरें :** खून टपकने और जंजीरों की मौजूदगी के कारण डरावना दृश्य दिख रहा है। यह पीड़ा या बंधन का प्रतीक हो सकता है।

**4. उल्टा क्रॉस जैसा हथियार :** निचले हिस्से में एक तलवार या क्रॉस जैसी आकृति दिख रही है। इसे अक्सर ईसाई विरोधी के मुताबिक ऐसी प्रतीकवाद से जोड़ा जाता है। जानकारों के छवियां कभी-कभी मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति, तंत्र-मंत्र में रुचि रखने वाले या ऐसे लोग बनाते हैं जो अपने विचारों या मान्यताओं को व्यक्त करना चाहते हैं।

उधर, मेरठ में सौरभ हत्याकांड में पुलिस ने मेरठ से अधिकतर सबूत जुटा लिए हैं। अब पुलिस चार्जशीट तैयार करने में जुट गई है। एक पखवाड़े में पुलिस चार्जशीट दाखिल कर देगी ताकि आरोपियों को सजा मिल सके। पुलिस हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली, कसौल से भी साक्ष्य जुटा रही है।

**कूलर और वॉशिंग मशीन खरीदने की वीडियो वायरल :** सौरभ ने मुस्कान के लिए तीन मार्च को दिन में वाशिंग मशीन और कूलर खरीदा था। ताकि उसे कोई परेशानी न हो। तीन मार्च की रात में ही मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिल कर उसकी हत्या कर दी।

बाजार में कूलर और वाशिंग मशीन खरीदने की वीडियो क्लिप भी वायरल हो रही है। इसके अलावा हत्या से कुछ समय पहले का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सौरभ दोस्त के साथ बाइक पर पीछे बैठकर किराये वाले मकान में जा रहा है।

**रजिस्टर में सिर्फ साहिल की एंट्री :** उधर, खूनी पत्नी मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल 10 मार्च की शाम से 16 की रात तक कसोल के होटल पूर्णिमा में पति-पत्नी बताकर रहे।

#### फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई का प्रयास करेगी पुलिस

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने पुलिस को जल्द से जल्द इस मामले में पूरे साक्ष्य जुटा कर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के आदेश दिए हैं। डीआईजी के आदेश पर ब्रह्मपुरी पुलिस ने इस मामले में जांच तेजी कर रही है। जहां-जहां से हत्या में प्रयोग होने वाला सामान लिया, उन सब के बयान भी पुलिस ने अभी तक दर्ज कर लिए हैं। उन दुकानदार और डॉक्टर की भी वीडियोग्राफी पुलिस ने कराई है। जल्द चार्जशीट दाखिल करने के बाद पुलिस इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की अर्जी डालेगी। जिसके बाद केस को जल्द ट्रायल पर लाकर आरोपियों को सजा दिलाई जा सके।



डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि ब्रह्मपुरी पुलिस को पूरे प्रकरण में सभी साक्ष्य जुटाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आरोपियों पर कार्रवाई हो सके।

#### परिवार के साथ थाने पहुंची थी मुस्कान

मंगलवार को पिता प्रमोद कुमार मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सौरभ शव को बरामद किया है। लंदन में नौकरी कर रहा ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर की मास्टर कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा। दरअसल, 25 फरवरी को उसकी पत्नी मुस्कान (26) का जन्मदिन था। इसी को मनाने के लिए वह वापस आया था, साथ ही 28 फरवरी को बेटी पीहू (5) का जन्मदिन था।

#### रास्ते से हटाने के लिए की सौरभ की हत्याः एसपी सिटी

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि सौरभ अपनी पत्नी मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल के संबंधों में बाधा बन गया था। उसे रास्ते से हटाने के लिए मुस्कान और साहिल ने वारदात को अंजाम दिया। दोनों ने मिलकर बेरहमी से सौरभ की हत्या कर दी।

#### जल्द डाल सकती है पुलिस रिमांड अर्जी

पुलिस मुस्कान और साहिल को रिमांड पर लेगी। पुलिस के अनुसार, मुस्कान और साहिल को रिमांड पर लेकर कुछ सबूत और पूछताछ करनी बाकी है। इनकी रिमांड अर्जी आज डाली जा सकती है।

# देश का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी, सरकार उस पर चुप है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को बीजेपी और आरएसएस पर जमकर बोला है। इस दौरान राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा हुआ है। उन्होंने यहां जंतर-मंतर पर ह्यइंडियाह्न गठबंधन के विभिन्न घटक दलों की छात्र इकाइयों के संयुक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ये भी कहा कि आरएसएस और भाजपा को मिलकर रोकना एवं पराजित करना है। राहुल गांधी ने दावा करते हुए कहा कि ह्यह्यएक संगठन हिंदुस्तान का भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा है। उस संगठन का नाम आरएसएस है। यदि शिक्षा व्यवस्था उनके हाथ में चली जाएगी, जो धीरे धीरे जा रही है, तो देश बर्बाद हो जाएगा और इस देश में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा।



### छात्रों के प्रदर्शन में पहुंचे राहुल गांधी

राहुल गांधी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, लेकिन प्रधानमंत्री बेरोजगारी पर नहीं बोलते हैं। पीएम का मॉडल है अंबानी-अडानी को देश का धन दिलाना और आरएसएस को सभी संस्थाओं को पकड़ाना। उन्होंने कहा कि आरएसएस-बीजेपी को हम पीछे हटाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि ह्यमुझे खुशी है कि सभी छात्र संगठन यहां आए हैं। आपकी जिम्मेदारी बनती है देश के युवाओं को बताना कि हिंदुस्तान की सभी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर फ्रर से हैं। ये देश के खिलाफ और हमें इसको रोकना होगा।

पीएम मोदी के महाकुंभ पर दिए गए लोकसभा में भाषण पर राहुल गांधी ने कहा कि कुंभ के बारे में बोलना बहुत अच्छा है, लेकिन आपको भविष्य के बारे में भी बात करनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि ह्यआपने देश के युवाओं को बेरोजगार बनाया है, उसके बारे में भी बोलना चाहिए। पीएम मोदी बेरोजगारी के बारे में, महंगाई के बारे में, शिक्षा के बारे में एक शब्द नहीं बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि आप देश के कोने-कोने में प्रदर्शन कीजिए। जहां भी आपको मेरी जरूरत होगी मैं आपके साथ वहां जाने को तैयार हूं. फ्रर-इखढ को हम मिलकर पीछे हटाएंगे। हम छात्रहित पर कोई समझौता नहीं करेंगे। आपको बता दें कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के छात्र संगठनों का प्रदर्शन चल रहा है। इसमें कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और दूसरी पार्टियों के नेता पहुंचे और सरकार की नीतियों को छात्रहितों के खिलाफ बताते हुए घेराव किया।

# सौरभ हत्याकांड में ड्रग्स विभाग आया हरकत में

## खैरनगर स्थित ऊषा मेडिकल स्टोर पर छापा मारा

## मुस्कान ने यहीं से खरीदा था बेहोशी का इंजेक्शन



**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड के मामले में रविवार को ड्रग्स विभाग की टीम भी हरकत में आ गई। टीम ने खैरनगर स्थित ऊषा मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। मुस्कान ने इसी मेडिकल स्टोर से सौरभ को बेहोश करने के लिए मिडाजोलम का इंजेक्शन खरीदा था। टीम ने मेडिकल स्टोर का एक साल का सेल्स और परचेज का रिकॉर्ड कब्जे में लिया और अग्रिम आदेश तक दवाइयां बिक्री पर रोक लगा दी। टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक अमित जोशी निवासी ब्रह्मपुरी से पूछताछ की।

**डॉक्टर ने नींद की गोली नहीं लिखी :** मुस्कान ने खुद को डिप्रेशन में बताकर पर्चे पर नींद की गोली लिखवाई थीं। जिस डॉक्टर ने पर्चा बनाया, पुलिस ने उसके भी बयान लिए थे। डॉक्टर ने नींद की गोली नहीं लिखने की बात कही थी। सामने आया था कि मुस्कान ने गूगल पर सर्च कर डाक्टर के पर्चे पर स्वयं मिडाजोलम इंजेक्शन लिख लिया था। इसके बाद डॉक्टर के पर्चे को एक बुजुर्ग के साथ खैरनगर स्थित ऊषा मेडिकल स्टोर पर 22 फरवरी को इंजेक्शन लेने के लिए पहुंच गई थी।

**स्टोर संचालक ने डॉक्टर के पर्चे पर दिया था इंजेक्शन :** बताया गया है कि यह इंजेक्शन डॉक्टर के पर्चे पर भी नहीं दिया जा सकता। इस इंजेक्शन को अस्पताल के पर्चे पर उन मरीजों के लिए लिखा जाता है कि जो ओटी या आईसीयू में भर्ती होते हैं। इसके बावजूद मेडिकल स्टोर संचालक ने डॉक्टर के पर्चे पर इंजेक्शन दे दिया था।


**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र० सं० | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं०/योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री जीवन दास बत्रा पुत्र स्व. श्री माला राम | के.एच.-189 कविनगर | श्री मदन लाल बत्रा पुत्र स्व. श्री जीवन दास बत्रा | के.एच.-189, कविनगर, गाजियाबाद 9810888063 | आवंटी श्री जीवन दास बत्रा व उनकी पत्नी श्रीमती कौशल्यावती का देहान्त दिनांक 24.09.2014 व 05.11.2022 को होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहा० प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**


# उत्तर प्रदेश के संभल में तनाव को देखते हुए पुलिस ने किया फिर से फ्लैग मार्च

**संभल।** संभल हिंसा मामले को लेकर पुलिस ने संभल जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली को गिरफ्तार कर लिया है। जफर अली को मुरादाबाद जेल भेज दिया गया है। जफर अली की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर संभल में तनाव है। दरअसल कल ही जब जफर अली को संभल कोतवाली लेकर आया गया था, उस दौरान भी वहां खूब नारेबाजी की गई थी और लोग पुलिस की गाड़ी के पीछे भागे भी थे।

संभल की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। एसपी और एडीएम ने भारी पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मिश्रित आबादी वाले इलाकों में ध्यान दे रहे हैं। कल रोजा इफ्तारी के समय भी मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया है। जफर अली की गिरफ्तारी के बाद संवेदनशीलता को देखते हुए शहर के अलग-अलग इलाकों में सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है और चौक-चौराहा पर भारी पुलिस फोर्स की तनाती की गई है।




**घंटों पूछताछ के बाद किया गया जफर अली को अरेस्ट :** बता दें कि करीब 4 घंटे की पूछताछ के बाद हिंसा की साजिश के आरोप में जामा मस्जिद के सदर जफर अली को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान संभल शहर के मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया। संभल जिले के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, सीओ अनुज चौधरी और एसडीएम वंदना मिश्रा ने भारी पुलिस फोर्स के साथ संभल शहर के संवेदनशील इलाकों, मुख्य बाजारों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में बड़ा फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान पुलिस अधिकारी फ्लैग मार्च करते हुए जामा मस्जिद पश्चिम के उस इलाकों में भी पहुंचे, जहां सबसे अधिक हिंसा हुई थी। इसी के साथ सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

# 'बिल्लू तू अकेला ही रहेगा..'

## 17 साल पहले तड़पती मां ने दिया था श्राप

**मेरठ।** आंखों में आक्रोश और जुबां पर आरोप... रविवार को कुछ ऐसा ही मंजर था सहारनपुर में तीन बच्चों का कत्ल करने और पत्नी को गोली मारने वाले आरोपी योगेश के घर पर। आरोपी योगेश की बहनें बार-बार चिल्लाकर कह रहीं थीं कि 17 साल पहले तड़पती हुई मां ने जो श्राप दिया था वह सच हो गया। मां ने कहा था कि बिल्लू (योगेश के घर का नाम) तुझे कभी शांति और सुख नहीं मिलेगा। 17 साल बाद योगेश के कुंठित दिमाग ने वह सच कर दिया। दरअसल, श्रद्धा, देवांश और शिवांश के शवों को देखकर उनकी बुआ सीमा और गुड्डी बार-बार बेहोश हो रहीं थी। वह बार-बार कह रहीं थीं कि योगेश ने अपने अंहकार व शक में घर के चिरागों को बुझा दिया है। उन्होंने महिलाओं को बताया कि आज मां का दिया श्राप सच हो गया। नेहा के मौसा राजपाल ने बताया कि 17 साल पहले जब योगेश के माता-पिता और तीनों बहनों की जहरीले पदार्थ से मौत हो गई थी, तब तड़पते हुए योगेश की मां ने कहा था कि इस हवेली में तू अकेला ही रहे, तुझे पानी देने वाला भी कोई न रहेगा। तुझे कहीं भी शांति नहीं मिलेगी। दोनों बहनें मां की इन बातों को याद कर बिलख रहीं थीं।



**15 दिन पहले पत्नी और बच्चों को निकाल दिया था घर से :** सांगाठेड़ा में योगेश और उसकी पत्नी नेहा के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इसके चलते कई बार झगड़े भी हुए और मायके पक्ष से लेकर योगेश के परिवार के लोगों को बीच में आना पड़ा। करीब 15 दिन पहले योगेश ने नेहा और तीनों बच्चों को घर से निकाल दिया था। सहारनपुर निवासी साढ़ू नवीन राय ने बताया कि योगेश अपनी पत्नी पर शक करता था। इसे लेकर ही विवाद था। उन्होंने बताया कि उस समय नेहा हाथ-पैर जोड़कर पति को मनाने की कोशिश करती रही, लेकिन योगेश ने उसकी एक नहीं सुनी और दरवाजा बंद कर लिया। इस पर योगेश के चचेरे भाई अक्षय ने नेहा और बच्चों को रामपुर मनिहारान स्थित उनकी बुआ उर्मिला के घर छोड़ दिया। करीब आठ दिन बाद रिश्तेदारों के समझाने-बुझाने पर योगेश ने उन्हें घर वापस लाने की हामी भरी। इसके बाद अक्षय उन्हें बुआ के घर से वापस ले आया।

**नाले में फेंक दिया था नेहा का सामान :** जिस दिन योगेश ने नेहा और बच्चों को घर से निकाला था, उसी दिन उसने नेहा के कपड़े, जेवर और अन्य सामान एक पोटली में बांधा और उसे गंगोह-नानौता मार्ग स्थित काठा पुल से नीचे फेंक दिया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 25 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# दो सप्ताह में 7,488 लोगों पर पुलिस ने की सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के लिए कार्रवाई

## सिटी जोन के थानाक्षेत्र कार्रवाई में चल रहे हैं अव्वल

## प्रतिदिन तीन घंटे चलता है अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ तीनों ही जोन की पुलिस प्रतिदिन कार्रवाई कर रही है। रोजाना तीन घंटे का अभियान चलाया जाता है, जिसके तहत पुलिस बड़ी संख्या में लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाली कार्रवाई कर रही है। बीते 14 दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग साढ़े सात हजार लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई करने का काम किया है। इसमें सिटी जोन में पुलिस द्वारा कार्रवाई सबसे अधिक चल रही है। इसी वजह से सिटी के थाने शराबियों पर कार्रवाई करने में अव्वल चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत 11 मार्च से लेकर 24 मार्च तक कुल 7488 लोगों पर यह कार्रवाई की गई है।





### बीते दो महीनों से लगातार चल रहा है अभियान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में प्रतिदिन तीन घंटे पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद भी शराब पीने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। लगातार कार्रवाई और उन पर दंडात्मक एक्शन होने के बावजूद भी लोग बाज नहीं आ रहे हैं। साथ ही बीते दो महीने से लगातार गाजियाबाद पुलिस प्रत्येक थानाक्षेत्र और चौकीक्षेत्र में इस अभियान को चलाने का काम कर रही है।

### बीते 14 दिनों में किस दिन क्या लिया गया एक्शन

करंट क्राइम : बीते 14 दिनों के अंदर पुलिस ने जहां साढ़े सात हजार लोगों पर एक्शन लिया है7 तो इनकी सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो भी सामने आ चुकी हैं। इसी के साथ लगातार कार्रवाई को जारी रखने के भी आदेश उच्च अधिकारियों की ओर से दिए गए हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 मार्च | 581 | 18 मार्च | 624 |
| 12 मार्च | 555 | 19 मार्च | 604 |
| 13 मार्च | 631 | 20 मार्च | 570 |
| 14 मार्च | 439 | 21 मार्च | 557 |
| 15 मार्च | 311 | 22 मार्च | 661 |
| 16 मार्च | 380 | 23 मार्च | 543 |
| 17 मार्च | 536 | 24 मार्च | 596 |

## सार्वजनिक स्थानों पर 3 घंटे के विशेष अभियान में 596 लोगों को किया गया गिरफ्तार

करंट क्राइम : पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले तीन घंटे के इस अभियान में कुल 596 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया। पकड़े गए सभी लोगों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 276 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 81, विजयनगर से 62, सिहानी गेट से 26, नंदग्राम से 42, कवि नगर से 37 और



मधुबन बापूधाम से 28 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 175 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 24, ट्रॉनिका सिटी से 23, अंकुर विहार से 8, लोनी बॉर्डर से 21, मसूरी से 17, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 7, निवाड़ी से 7, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 7 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 22 लोग शामिल हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 145 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 24 कौशांबी से 23 खोड़ा से 19 साहिबाबाद से 22 लिंक रोड से 18 शालीमार गार्डन से 20 और टीला मोड़ से 19 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सिटी में सबसे कम थाने, पर कार्रवाई सर्वाधिक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी जोन में केवल 6 थाने ही आते हैं लेकिन शराब पीने वालों पर अंकुश लगाने का चाबुक सिटी जोन पुलिस द्वारा सबसे अधिक और प्रमुखता के साथ चलाया जा रहा है। इसी के साथ सिटी जोन में कई ऐसे इलाके हैं जो सार्वजनिक स्थानों के रूप में शराब पीने वालों का अड्डा माने जाते हैं। पुलिस यहां पर लगातार कार्रवाई कर रही है। जिसका नतीजा है कि सिटी जोन की पुलिस शराबियों पर कार्रवाई करने के मामले में टॉप पर बनी हुई है।




> शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर निकलने वाले और पीने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
>
> राजेश कुमार, कार्यवाहक एडिशनल सीपी
> पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद



## अभी हांफना पड़ेगा मयंक गोयल की टीम में आने वाले दावेदारों को

## दो महीने और लगाना होगा उन्हें लक्ष्य पाने के लिए जोर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल भाजपा के महानगर अध्यक्ष घोषित हो गए हैं। उनके अध्यक्ष घोषित होने के बाद उनके इर्द-गिर्द दावेदारों का एक घेरा चल रहा है। इनमें कई ऐसे हैं जो उपाध्यक्ष बनना चाहते हैं, कोई संगठन में महामंत्री बनना चाहता है। किसी को उम्मीद है कि मंत्री वाली लिस्ट में नाम आ जाएगा। खुद मयंक गोयल ये कह चुके हैं कि 2000 से अधिक कार्यकताओं को विभिन्न मोर्चों में समायोजित किया जाएगा। मयंक गोयल की टीम में आने के लिये कई चेहरों ने उनके आसपास डेरा भी डाल दिया है।

वो कहीं भी जाते हैं ये घेरा उनके साथ चलता है। लेकिन खबर उनके लिये है जो टीम में आने की हसरत पाले हुए हैं और इसके लिये लगातार सियासी कसरत भी कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इन दावेदारों को अभी दो महीने और दौड़ लगानी होगी और दो महीने और हांफना पड़ेगा। क्योंकि अभी इस पूरी प्रक्रिया में दो महीने का समय लगेगा। बताया जाता है कि केवल गाजियाबाद से ही टीम घोषित नहीं होनी है, पूरे प्रदेश में टीम घोषित होनी है और सबसे बड़ी बात ये है कि 20 से ज्यादा जिले ऐसे हैं जहां अध्यक्षों की घोषणा फिलहाल लंबित रखी गई है। पहले तो यही लिस्ट घोषित होगी उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होनी है।

प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी और तब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा का नंबर आ जाएगा। राष्ट्र, प्रदेश और क्षेत्र में पहले चेहरे समायोजित होंगे। इसके बाद एक मैराथन बैठक मंथन की चलेगी। किसी चेहरे को कहां लिया जाना है ये तय होगा और इस पूरी प्रक्रिया में दो महीने का समय लगेगा। किन नए चेहरों को मौका मिलेगा, कौन से पुराने चेहरे रिपीट होंगे, ये तय होगाा। मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष हैं और फिर उनकी टीम में कौन किस पोजिशन पर रहेगा, ये भी तय होना है। ऐसे में जो चेहरे महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से एक बड़ी उम्मीद लगाकर चल रहे हैं वो इस बात को समझ लें कि अप्रैल और मई के महीने में भी उन्हें पसीना बहाना होगा। खुद को साबित करके दिखाना होगा और दो महीने ऐसे फेस रेस में कितना दौड़ेंगे और कितना हांफेंगे इसका भी पता चल जाएगा।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर की आवाज को विपक्ष दे रहा है समर्थन

## डॉली शर्मा, फैजल हुसैन और वीरेंद्र यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में नहीं चल रहा है सुशासन

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ हुए प्रकरण के बाद विपक्ष जहां एक ओर नंदकिशोर गुर्जर द्वारा उठाए गए विषयों को समर्थन दे रहा है। तो वहीं जिस तरीके से विधायक नंद किशोर गुर्जर ने पुलिस के साथ कहासुनी की, उसको लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। दैनिक करंट टाइम ने समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और कांग्रेस की नेता और प्रवक्ता डॉली शर्मा से इस बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से विधायक खुद उत्तर प्रदेश सरकार की सुशासन व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं, यह बेहद गंभीर है। तीनों ही नेताओं ने कहा है कि जिस तरीके से गुंडाराज चल रहा है। बच्चियों द्वारा आत्महत्या की जा रही है। तो किसानों पर अत्याचार हो रहा है। वहीं पेपर लीक हो रहे हैं, यह बताने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि इन दिनों सिस्टम में नीचे से ऊपर तक कोई सुनवाई भी नहीं हो रही है। वहीं सपा के नेता भी लोनी प्रकरण पर खुलकर बोल रहे हैं।



### प्रदेश की स्थिति वाकई गुंडाराज जैसी बनी है : डॉली शर्मा



**करंट क्राइम :** कांग्रेस की नेता और प्रवक्ता डॉली शर्मा का कहना है कि जिस तरीके से बीते दिनों लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सरकार और उनके अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं वह दर्शा रहे हैं कि किस तरीके से गुंडाराज चल रहा है। डॉली ने यह भी कहा कि उनके पास भी तमाम लोग शिकायतें लेकर आते रहते हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिस तरीके से प्रदेश में महिला अपराध, किसानों के साथ अत्याचार और पेपर लीक जैसे मामले रुक नहीं रहे हैं, यह बता रहा है कि मौजूदा योगी सरकार किस प्रकार से चल रही है। उन्होंने कहा कि जब विधायक ही सरकार पर सवाल उठा रहे हैं और यह कोई इकलौते विधायक नहीं है, जो ऐसा कहने वाले कई और भी कई विधायक हैं, जो धीरे-धीरे अपना मुंह खोलने का काम कर रहे हैं।

### नंदकिशोर का बयान, सच्चाई दर्शा रहा है : वीरेंद्र यादव



**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का कहना है कि जिस तरीके से लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने सरकार और अधिकारियों पर आरोप लगाए हैं, यह खुद बता रहा है कि इन दिनों उत्तर प्रदेश में क्या स्थिति है। उन्होंने कहा है जब खुद बीजेपी के विधायक नंद किशोर गुर्जर यह स्वीकार कर रहे हैं कि योगी सरकार में गौकशी हो रही है। पूरा प्रशासन भ्रष्ट है और अधिकारी पैसे खा रहे हैं। बिना पैसों के अधिकारी एक भी काम नहीं करते, यह सरकार की असलियत बताने के लिए काफी है। योगी सरकार सिर्फ दिखावे की राजनीति कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। अगर प्रशासन वाकई ईमानदार होता, तो इन आरोपों की निष्पक्ष जांच होती, लेकिन सरकार अपने भ्रष्टाचार को छुपाने में लगी है। अब साफ हो गया है कि बीजेपी के ही नेता जो मौजूदा भाजपा विधायक हैं ,वो भी योगी सरकार की सच्चाई उजागर कर रहे हैं और जनता इस कुशासन का अंत जरूर करेगी।

### विधायक को रखना चाहिए था गरिमा का ध्यान, तो धार्मिक भावनाओं का होना चाहिए था सम्मान : फैजल हुसैन



**करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष फैजल हुसैन का कहना है की जिस तरीके से लोनी में एक धार्मिक यात्रा को रोका गया, यहां धार्मिक भावनाओं का सम्मान होना चाहिए था। इस बात को पुलिस और विधायक द्वारा समझना चाहिए था। इसके साथ ही जिस तरीके से विधायक और पुलिस के बीच हाथापाई वाली वीडियो वायरल हो रही है, वह भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के कोई कार्यक्रम नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा है कि पुलिस को भी विधायक के पद की गरिमा का सम्मान करना चाहिए था। पुलिस के अधिकारी और विधायक दोनों जिम्मेदार नागरिक हैं। दोनों को संयम से काम लेना चाहिए था।

# अब गाजियाबाद के ऑटो, ई-रिक्शा और किराएदारों का होगा शत-प्रतिशत वेरीफिकेशन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश लखनऊ जैसी घटना प्रदेश में दोबारा नहीं होनी चाहिए

### यातायात पुलिस तैयार करेगी टेंपो, ई-रिक्शा चालकों की डिटेल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिले और कमिश्नरेट के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अब वाहन चलने वाले टेंपो, ई-रिक्शा चालकों और किराएदारों का वेरिफिकेशन कराया जाए। इसके साथ ही त्यौहारों के मद्देनजर धार्मिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों की खास तैनाती की जाए। वहीं रमजान और नवरात्रि के त्यौहार के दौरान भी शांतिपूर्वक व्यवस्था स्थापित रहे। इसके लिए अधिकारियों को नियमित चेकिंग अभियान चलाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की और उन्हें आवश्यक निर्देश निर्देश दिए हैं।

### गाजियाबाद पुलिस तैयार करेगी टेंपो और ई रिक्शा चालकों का डेटा



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जल्द ही यातायात पुलिस गाजियाबाद के अधिकारी टेंपो और ई-रिक्शा चालकों का डेटा तैयार करेंगे। इनका पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा और साथ ही कौन सा वाहन किस रूट पर किस समय चलता है, इसकी भी लिस्ट तैयार की जाएगी। बता दें कि बीते दिनों लखनऊ में महिला अपराध का मामला ऑटो चालक द्वारा अंजाम दिया गया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिले के पुलिस कप्तानों और कमिश्नरेट के अधिकारियों को इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।




### पिंक वाहनों का भी तैयार किया जाएगा रिकॉर्ड

**करंट क्राइम :** महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए यातायात विभाग और परिवहन विभाग की ओर से पिंक वाहनों को भी संचालित किया गया था। इसमें पिंक वाहन, पिंक बस और पिंक ऑटो चालू किए गए थे। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस इनका भी रिकॉर्ड तैयार करेगी कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किस जोन में कितने पिंक वाहन चलाएं जा रहे हैं।

### नाबालिक ना चलाएं वाहन पुलिस रखेगी ध्यान

**करंट क्राइम :** इस मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस के अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया है की नाबालिक वाहन ना चलाएं। पुलिस को चेतावनी दी है कि महिला अपराधों के प्रति किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही ओवरलोडिंग की समस्या का हल करने के लिए भी सभी जिलों में टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया गया है।



### मंदिरों ,बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों की रहेगी तैनाती

करंट क्राइम : रमजान का महीना चल रहा है। तो ईद की खरीदारी बाजारों में होगी। वही नवरात्र को लेकर भी बाजारों में रौनक आएगी। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाजारों के साथ ही मंदिरों, स्कूल-कॉलेज के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन तैनात किया जाए। साथ ही पिंक बूथ और अन्य महिला हेल्प डेस्क पर तैनात रहने वाली पुलिसकर्मी महिलाओं के साथ ठीक प्रकार से व्यवहार करें। उनकी समस्याओं का समाधान करवाने का निर्देश दिया गया है।

## संपादकीय

# व्यापार से जुड़ी अनिश्चितता

डॉनल्ड ट्रंप को अमेरिका का राष्ट्रपति बने दो महीने से ज्यादा गुजर चुके हैं मगर अभी तक खुद अमेरिकी जनता और तमाम देश नहीं समझ पाए हैं कि ट्रंप की नीतियों के नतीजे क्या होंगे। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार जो आर्थिक अनुमान जारी किए हैं उन पर भी ट्रंप की नीतियों से जुड़ी अनिश्चितता एवं आशंका के प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के सदस्यों का अनुमान है कि पिछले अनुमानों की तुलना में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है, आर्थिक वृद्धि नरम पड़ सकती है और बेरोजगारी भी सिरदर्द बढ़ा सकती है। हालांकि इन आंकड़ों में बदलाव ज्यादा नहीं है मगर उनकी दिशा घनघोर अनिश्चितता की तरफ इशारा कर रही है। वित्तीय बाजारों के लिहाज से एक मात्र अच्छी बात यह है कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी इस साल ब्याज दर में 50 आधार अंक की एक और कटौती के लिए तैयार है।

बहरहाल फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने नीतिगत बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शुल्कों के कारण मुद्रास्फीति को मध्यम अवधि में 2 प्रतिशत पर लाने की कवायद में देर हो सकती है। उन्होंने माना कि अनिश्चितता काफी अधिक है। फेडरल रिजर्व ने नीतिगत दर पर अनुमान नहीं बदला है मगर यह देखना चाहता है कि ट्रंप की नीतियां वास्तविक आर्थिक परिणामों पर किस तरह असर डालती हैं। अनिश्चितता का सबसे बड़ा कारण व्यापार दिख रहा है। अमेरिका ने अभी तक चीन और कुछ देशों पर ही शुल्क लगाए हैं किंतु वह 2 अप्रैल से सभी देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की तैयारी कर रहा है, जिससे वैश्विक व्यापार में भारी उथल-पुथल मच सकती है। व्यापार के मोर्चे पर अनिश्चितता बढ़ी तो फेड के लिए नीतिगत विकल्प चुनना मुश्किल हो जाएगा। परंपरागत समझ तो यही कहती है कि मौद्रिक नीति को एकाध बार आने वाले ये झटके गंभीरता से नहीं लेने चाहिए। किंतु इस बार परिस्थितियां शायद उतनी सहज नहीं हों। अमेरिका में मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है और कीमतें बढ़ने पर अनुमान ज्यादा बिगड़ सकते हैं। याद रहे कि कोविड महामारी के बाद फेड मुद्रास्फीति का अनुमान लगाने में गच्चा खा गया था, जिसे आगे उसकी किसी भी टिप्पणी के समय जरूर ध्यान रखा जाएगा। शुल्कों से मुद्रास्फीति एवं इससे जुड़े अनुमान प्रभावित हो सकते हैं और उससे जुड़ी अनिश्चितताएं कारोबारी हौसला बिगाड़ रही हैं। कमजोर आर्थिक वृद्धि एवं ऊंची मुद्रास्फीति के फेड के अनुमान से यह बात साफ भी हो जाती है। ट्रंप की उथलपुथल मचाने वाली नीति शुल्कों तक ही नहीं रुकी है। आव्रजन पर ट्रंप प्रशासन की नीति के अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं। ट्रंप की नीतियों पर बाजार में दिखा शुरूआती उत्साह अब कमजोर पड़ने लगा है और शेयर बाजार में गिरावट से यह साबित भी होता है। कई लोगों को शुरू में लगा था कि ट्रंप की नीतियों से निकट भविष्य में आर्थिक मजबूती आएगी। मगर ऊंचे स्तरों पर पहुंचकर एसऐंडपी 8 प्रतिशत फिसल चुका है। मध्य जनवरी से डॉलर सूचकांक भी 5 प्रतिशत से अधिक गिर गया है।

# विदेशी निवेशकों के लौटने से झूमा बाजार

## सेंसेक्स 1079 अंक चढ़ा, निफ्टी 23650 के पार



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक लगातार छठे दिन हरे निशान पर बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,078.87 अंक या 1.40 प्रतिशत उछलकर छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 77,984.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,201.72 अंक या 1.56 प्रतिशत बढ़कर 78,107.23 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 307.95 अंक या 1.32 प्रतिशत बढ़कर 23,658.35 अंक पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान बेंचमार्क 358.35 अंक या 1.53 प्रतिशत बढ़कर 23,708.75 अंक पर पहुंच गया। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान एसबीआई और एनटीपीसी के शेयरों में चार-चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### शेयर बाजार में तेजी का क्या कारण

शेयर बाजार में तेजी विदेशी फंड प्रवाह और बैंकिंग और तेल व गैस शेयरों में खरीदारी के कारण आई। इससे बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। जानकारों के अनुसार, अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख से घरेलू शेयर बाजारों में तेजी आई। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस में सर्वाधिक लाभ रहा। टाइटन, इंडसइंड बैंक, जोमैटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, नेस्ले और इंफोसिस पिछड़ गए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,470.36 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। बीते हफ्ते मासिक एफएंडओ समाप्ति से पहले शॉर्ट कवरिंग ने तेजी को बढ़ावा दिया। इस दौरान, सेंसेक्स चौतरफा खरीदारी के कारण दिन के कारोबार के दौरान 78 हजार का मनोवैज्ञानिक स्तर पार करने में सफल रहा।

### एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग में तेजी, यूरोपीय बाजार भी हरे निशान पर

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, विदेशी निवेशकों की नई आशावादिता तथा अमेरिका और यूरोपीय बाजारों के मजबूत संकेतों से धारणा को और बल मिला। एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग में तेजी रही जबकि सियोल और टोक्यो में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार हरे निशान में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.07 प्रतिशत बढ़कर 72.21 डॉलर प्रति बैरल हो गया। सोमवार तक छह दिनों की तेजी में सेंसेक्स 4,100 अंक या 5 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है। यह बढ़त एफआईआई की बिकवाली कम होने के कारण आई है। 17 मार्च से अब तक निफ्टी 1,260 अंक या 5.5 प्रतिशत चढ़ चुका है।

### रुपये में 2025 में हुए नुकसान की हुई भरपाई

सोमवार को केवल शेयर बाजार में ही मजबूत बढ़त नहीं दिखी, रुपया भी 2025 में हुआ अपना पूरा नुकसान पाटकर बंद हुआ। लगातार सातवें कारोबारी सत्र में रुपया मजबूत हुआ और 31 पैसे की बढ़त के साथ 85.67 रुपये (अस्थाई) के भाव पर बंद हुआ।

# ब्याज से होने वाली कमाई पर एक अप्रैल से होगी ज्यादा बचत

## स्रोत पर कर कटौती के नए नियम से लाभ




**नई दिल्ली।** देश में एक अप्रैल, 2025 से स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) के नए नियम लागू होने जा रहे हैं। इसकी घोषणा 2025-26 के बजट में की गई थी। नए वित्त वर्ष से इस नियम के लागू होने के बाद उन करदाताओं को अधिक बचत होगी, जिन्हें जमा पर ब्याज से कमाई होती है।

वरिष्ठ एवं सामान्य नागरिकों, खुदरा निवेशकों और कमीशन से आमदनी करने वालों को इन बदलावों से फायदा होगा। फिक्स्ड डिपॉजिट, लॉटरी, इंश्योरेंस कमीशन और म्यूचुअल फंड्स से होने वाली कमाई पर टीडीएस कटौती से जुड़े नियमों में अहम बदलाव किए गए हैं।

### वरिष्ठ नागरिक : एक लाख तक की कमाई पर लाभ

नए नियमों के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट पर टीडीएस को सीमा को बढ़ा दिया गया है। बैंक अब तक 50,000 रुपये से अधिक के ब्याज पर टीडीएस काटते थे, लेकिन, एक अप्रैल 2025 से यह सीमा बढ़कर एक लाख रुपये हो जाएगी। इसके बाद अगर किसी वरिष्ठ नागरिक की एक वित्त वर्ष के दौरान ब्याज से होने वाली आय एक लाख रुपये तक होगी, तो बैंक उस पर कोई टीडीएस नहीं काटेंगे।

### बढ़ी सीमा से सामान्य नागरिकों को भी राहत

सामान्य नागरिकों को भी टीडीएस के मोर्चे पर राहत दी गई है। बैंक अब तक सालाना 40,000 रुपये से अधिक के ब्याज आय पर टीडीएस काटते थे।

# अब तक मिलीं 11.5 लाख नौकरियां 1.61 लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** देश में विनिर्माण बढ़ाने के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत नवंबर, 2024 तक कुल 1.61 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। साथ ही, 11.5 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) मिली हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, 1.61 लाख करोड़ रुपये के निवेश से करीब 14 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ, जबकि 5.31 लाख करोड़ रुपये के निर्यात करने में मदद मिली है। सरकार ने योजना के तहत चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 15.52 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा, केंद्र सरकार ने 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत कुल 764 आवेदनों को मंजूरी दी है। इसमें बल्क ड्रग्स, मेडिकल डिवाइस, फार्मा, दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल्स और ड्रोन जैसे क्षेत्रों के पीएलआई लाभार्थियों में 176 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं।



### विशेष इस्पात के लिए 35 कंपनियों ने दिखाई रुचि

सरकार को विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के दूसरे दौर में 25,000 करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धता के साथ 35 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस्पात मंत्रालय इन कंपनियों के चयन और उनके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। इन परियोजनाओं को 3,600 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिए जाने अनुमान है। योजना अवधि के अंत तक 2,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन बांटा जाएगा।

# 'अदाणी समूह के साथ ऊर्जा समझौते में फेल रही सरकार' पीएम मोदी की यात्रा से पहले विक्रम सिंघे का हमला




**नई दिल्ली।** विक्रमसिंघे की भारतीय निवेश पर टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अप्रैल को श्रीलंका का दौरा करेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने संसद में इस यात्रा की तारीख की घोषणा की थी। पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा से पहले वहां के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने अदाणी समूह के साथ मन्नार में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना को आगे बढ़ाने में फेल रहने के लिए वर्तमान सरकार को दोषी ठहराया। इतना ही नहीं, विक्रमसिंघे ने अपने कार्यकाल का जिक्र करते हुए अक्षय ऊर्जा, कृषि और व्यापार संबंधों के क्षेत्रों में दक्षिण भारत-केंद्रित आर्थिक ढांचे पर जोर दिया।

### पांच अप्रैल को श्रीलंका दौरे पर जाएंगे पीएम मोदी

विक्रमसिंघे की भारतीय निवेश पर टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अप्रैल को श्रीलंका का दौरा करेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने संसद में इस यात्रा की तारीख की घोषणा की। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने पिछले हफ्ते बताया था कि मोदी श्रीलंका में 2024 में राष्ट्रपति दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए कोलंबो आएंगे। साथ ही राष्ट्रपति ने संसद में यह भी बताया कि मोदी की यात्रा के दौरान श्रीलंका के त्रिंकोमाली जिले में सामपुर विद्युत संयंत्र का निर्माण शुरू होगा। वहीं, भारत और श्रीलंका ने पिछले महीने त्रिंकोमाली में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए समझौता किया था। इसके तहत, 50 मेगावाट (चरण 1) और 70 मेगावाट (चरण 2) क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। यह संयंत्र सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और भारत के राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) द्वारा मिलकर बनाए जाएंगे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- संयुक्त राज्य अमेरिका में ₹मारिजुआना/गाँजा वेंडिंग मशीन₹ हैं जो निर्धारित उपयोगकताओं को मारिजुआना के औषधीय खुराक को प्राप्त करने के लिए अपने फिंगरप्रिंट स्कैन करने की अनुमति देती हैं।
- Adermatoglyphia एक बीमारी है जिसकी वजह से लोग फिंगरप्रिंट के बिना पैदा होते हैं। लेकिन यह बहुत दुर्लभ है, जो दुनिया भर में केवल चार ज्ञात विस्तारित परिवारों को ही प्रभावित करती है।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।
- अपराध दृश्य फिंगरप्रिंट धूल कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, यहां तक कि कैंसर भी हो जाता है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- तुम्हारा बंटी से क्या रिश्ता है?
राहुल- बहुत दूर का रिश्ता है टीचर, वह मेरा सगा भाई है।
टीचर- तो फिर दूर का रिश्ता कैसे हुआ?
राहुल- क्योंकि, इसके और मेरे बीच 6 भाई-बहन हैं।

---

बंता को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, संता उसे खरीदने वाला था।
संता क्या यह कुत्ता वफादार है?
बंता हां जी, मै इसको दो बार पहले भी बेच चुका हूं, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापस आ जाता है।

---

मालिक को काफी देर से मच्छर परेशान कर रहे थे, तो नौकर से कहा: मच्छर मार दो!
नौकर आलस में था।
थोड़ी देर बाद भी मच्छर वैसे ही गुनगुना रहे थे।
मालिक ने फिर नौकर से पूछा: मच्छर मारे नहीं क्या?
नौकर ने मालिक से कहा: मच्छर तो मार दिए, ये तो उनकी विधवा पत्नियों के रोने की आवाज है।

## 25 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



पूजा साल्वी अभिनेत्री



अरूण कुमार जैन



रजनी सिंह



आशा सचदेवा



शिशुपाल सिंह



राहुल वर्मा



बिल्लू चौधरी



राज यादव



हुकुम सिंह



शोभित शुक्ला



इम्तियाज



भानू गुप्ता



अरविंद शर्मा



अनुज मित्तल




प्रवीण शर्मा



रिहान कुरैशी



सुधीर रयाल



विश्वत सेन



निहित गुप्ता

**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 43 साल के एमएस धोनी की 'बिजली की रफ्तार' देख चौंके हेडन, 0.12 सेकंड में किया था सूर्यकुमार को स्टंप

**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को चेपॉक में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। स्टार स्पोर्ट्स के अनुसार धोनी ने स्टंपिंग को महज 0.12 सेकेंड में अंजाम दिया। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं।



धोनी ने रविवार को एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जब उन्होंने नूर अहमद की गेंद पर तुरंत गिल्लियां उड़ा दी और सूर्यकुमार को वापस पवेलियन भेज दिया। हेडन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो के टी20 टाइम आउट पर कहा, 'धोनी बहुत आक्रामक विकेटकीपिंग कर रहे थे। उन्होंने गजब की फुर्ती दिखाई। मेरे कहने का मतलब है कि नूर अहमद लेग साइड में गेंदबाजी कर रहे थे और ऐसे में स्टंपिंग करना बहुत मुश्किल होता है।'

उन्होंने कहा, 'हालांकि, सूर्यकुमार के खिलाफ तब उनकी स्टंपिंग बहुत शानदार थी। इतनी तेज टाइमिंग, हाथों से दिखाया गया शानदार कला। उन्होंने गेंद पर नजर बनाए रखा। वह अब भी पहले की तरह ही खेल रहे हैं।' वहीं, नूर अहमद ने भी धोनी की तारीफ की। सीएसके के इस चाइनामैन स्पिनर ने कहा, 'उनकी स्टंपिंग सबसे अच्छी थी। स्टंप के पीछे माही भाई जैसे किसी व्यक्ति का होना बहुत अच्छा लगता है। यह मेरे लिए बहुत बड़ा फायदा है। सूर्यकुमार का विकेट मेरा पसंदीदा विकेट था।'

300 से ज्यादा दिनों के बाद माही ने मैदान पर वापसी की। आईपीएल 2024 के बाद वह पहली बार कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेलते दिखे। हालांकि, धोनी मैच में दो गेंदों पर कोई रन नहीं बना सके, लेकिन वह नाबाद पवेलियन लौटे। धोनी को सीएसके ने अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर टीम में शामिल किया है। माही के लिए आईपीएल कमिटी ने नियमों में बदलाव किया था।

# जसप्रीत बुमराह कब तक करेंगे वापसी? मुंबई इंडियंस के कोच ने दिया जवाब

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को सीजन के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह के बिना उतरी मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 विकेट से हराया। अब मुंबई इंडियंस अपने अगले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैदान उतरेगी। उस मैच में मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या नजर आएंगे, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कब तक वापसी करेंगे? इस सवाल का जवाब दिया है मुंबई इंडियंस के अस्सिटेंट कोच पारस म्हाम्ब्रे ने। पारस म्हाम्ब्रे ने बताया कि कब तक जसप्रीत बुमराह टीम के साथ जुड़ पाएंगे।




## जसप्रीत बुमराह कब तक वापसी कर पाएंगे?

पारस म्हाम्ब्रे के मुताबिक, जसप्रीत बुमराह की वापसी में वक्त लग सकता है। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। नेशनल क्रिकेट एकडेमी से लगातार जानकारी मिल रही है। हम जसप्रीत बुमराह की रिकवरी से खुश हैं। लेकिन मैं यह नहीं कह सकता कि वह वापसी कब तक करेंगे? यह टीम मैनेजमेंट के ऊपरी लगे बेहतर बता सकते हैं, क्योंकि वो लोग लगातार नेशनल क्रिकेट एकेडमी के संपर्क में हैं। हालांकि, मैं चाहता हूं कि जसप्रीत बुमराह जल्द से जल्द वापसी करें, क्योंकि वह मुंबई इंडियंस का अहम हिस्सा रहे हैं।

बताते चलें कि पिछले लंबे समय से जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं। आईपीएल 2013 सीजन में पहली बार जसप्रीत बुमराह खेले थे। अब तक जसप्रीत बुमराह ने 133 मैचों में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है। इस गेंदबाज ने 22।51 की एवरेज और 7।30 की इकॉनमी से 165 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल मैचों में 2 बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। आईपीएल इतिहास में मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में लसिथ मलिंगा टॉप पर हैं। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 170 विकेट लिए। वहीं, लसिथ मलिंगा के बाद जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# पैदल चाल एथलीट प्रियंका ने 35 किमी में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, मंजू रानी को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने स्लोवाकिया के डुडिंस में डुडिंस्का 50 प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की 35 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। प्रियंका ने गोल्ड लेवल की प्रतियोगिता में दो घंटे 56 मिनट 34 सेकंड (2:56:34) का समय निकाला और 11वें स्थान पर रहीं। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3:13:19 था।




दो बार की ओलंपियन प्रियंका ने 2023 में रांची में नेशनल ओपन पैदल चाल चैंपियनशिप में मंजू रानी द्वारा बनाए गए 2:57:54 के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। प्रियंका ने 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 10000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता था। इक्वाडोर की पाउला मिलेना टोरेस ने 2:44:26 के समय के साथ महिलाओं की 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा जीती। पेरू की किम्बर्ली गार्सिया (2:45:59) और पोलैंड की कटारजीना जडजीब्लो (2:46:59) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक आकाशदीप सिंह पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 1:24:13 के समय के साथ छठे स्थान पर रहे।

# जैस्मीन लम्बोरिया का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने 8वीं इलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। प्रारंभिक दौर में चंडीगढ़ की रुचिका पर दूसरे दौर की आरएससी जीत के साथ लम्बोरिया ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लाइटवेट वर्ग की मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लम्बोरिया पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में आई थीं और अब इसी कटेगरी में खेलती हैं।




## राष्ट्रमंडल खेलों में जीता था कांस्य पदक

जैस्मीन ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में लाइटवेट कांस्य पदक जीता था, वह पेरिस ओलंपिक के लिए फेदरवेट वर्ग में खेली थीं। जीत हासिल करने वाली खिलाड़ियों में लम्बोरिया के साथ रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सनमाचा चानू भी शामिल हैं। यूथ विश्व और राष्ट्रीय चैंपियन चानू ने मणिपुर की बिंदिया देवी माओरेम पर अपनी एकतरफा जीत के दौरान खेल पर पूर्ण नियंत्रण दिखाया। यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से बीएफआई द्वारा आयोजित की जा रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस टूनार्मेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज 10 भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। यह आयोजन विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों का पालन करता है, जिसमें एक मिनट के रेस्ट ब्रेक के साथ 3-3 मिनट के राउंड शामिल हैं।

# यूथ यूपी स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आगाज, बरेली ने पीलीभीत की टीम को दी मात

**बरेली।** बरेली में 23वीं यूथ यूपी राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ रविवार को फरीदपुर स्थित मानस स्थली आवासीय विद्यालय में हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 45 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें कुल 600 खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता अंडर-16 बालक वर्ग और बालिका वर्ग में आयोजित की जा रही है। बालक वर्ग में बरेली ने पीलीभीत की टीम को मात दी। बालक वर्ग में बरेली ने पीलीभीत की टीम को 33-15 से, ट्रिपल टैक ने बीएचयू को 71-15 से, लखनऊ ने बागपत को 32-24 से, लखनऊ ने जौनपुर को 36-13 से, हापुड़ ने मथुरा को 34 -14 से, कानपुर ने कानपुर देहात को 28-05 से, झांसी ने कौशांबी को 47-14 से, गौतमबुद्ध नगर ने मिर्जापुर को 45 -36 से, मेरठ ने गोरखपुर हॉस्टल को 57-35 से, वाराणसी ने कौशांबी को 55-17 से, बीएल डब्लू ने प्रयागराज को 33-19 से मात दी। इसमें ट्रिपल टैक की टीम ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की।



वहीं बालिका वर्ग में गौतमबुद्ध नगर ने गाजियाबाद को 38-23 से, हापुड़ ने झांसी को 21-02 से, बुलंदशहर ने कौशांबी को 34-00 से, गाजियाबाद ने कानपुर को 36-06 से, मथुरा ने बरेली को 11-05 से, बागपत ने मुरादाबाद को 15-00 से, प्रयागराज ने अलीगढ़ को 23-20 से, कानपुर देहात ने एटा को 18-06 से, मेरठ ने बीएल डब्लू को 23-08 से पराजित किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक ने किया। कार्यक्रम में मानस स्थली विद्यालय के सचिव सौरव अग्रवाल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, बास्केटबॉल एसोसिएशन के राज्य सचिव वीरेंद्र विक्रम सिंह, द्रोणाचार्य अवार्डी अमरजीत सिंह, जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव सत्येंद्र श्रोतिया और डेविड मेसन आदि उपस्थित रहे।

# बांग्लादेशी क्रिकेटर तमीम इकबाल को मैच के दौरान आया हार्ट अटैक, हॉस्पिटल में एडमिट

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल हार्ट अटैक का शिकार हो गए हैं। दरअसल, तमीम इकबाल को मैच खेलने के दौरान हार्ट अटैक आ गया, इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ढाका प्रीमियर लीग में तमीम इकबाल मोहम्मदन स्पोर्टिंग क्लब के लिए खेल रहे थे। तमीम इकबाल को फील्डिंग के दौरान सीने में दर्द की शिकायत महसूस हुई। आज ढाका प्रीमियर लीग में मोहम्मदन स्पोर्टिंग क्लब और शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब की टीमें आमने-सामने थी। इस दौरान तमीम इकबाल को हार्ट अटैक आया।



## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने क्या कहा?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तमीम इकबाल फील्डिंग के दौरान असहज महसूस करने लगे, जिसके बाद उन्हें फजीलाट्यूनेशा हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। हालांकि, अब तक तमीम इकबाल की मेडिकल रिपोर्ट सामने नहीं आई है। वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फीजिशियन डॉ। देबाशीष चौधरी ने घटना की पुष्टि की है। दरअसल, तमीम इकबाल ने जैसे ही सीने में दर्द की शिकायत की, तो उन्हें हॉस्पिटल ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर का इंतजाम किया गया। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइन्फो के मुताबिक, 50 ओवरों के मैच की पहली पारी के दौरान तमीम ने यह शिकायत की थी, जिसके बाद तुरंत मेडिकल एक्सपर्ट्स पहुंचे।

### ऐसा रहा तमीम इकबाल का इंटरनेशनल करियर

बताते चलें कि तमीम इकबाल ने 70 टेस्ट मैचों के अलावा 243 वनडे और 78 टी20 मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया। टेस्ट फॉर्मेट में तमीम इकबाल ने 38.89 की एवरेज से 5134 रन बनाए। इसके अलावा वनडे करियर में 36.65 की एवरेज से 8357 रन बनाए। साथ ही बांग्लादेश के लिए टी20 फॉर्मेट में 117.20 की स्ट्राइक रेट और 24.08 की एवरेज से 1758 रन बनाए। वनडे मैचों में तमीम इकबाल ने 10 शतक जड़े। इसके अलावा टेस्ट फॉर्मेट में तमीम इकबाल के नाम 14 शतक दर्ज हैं। जबकि इस बल्लेबाज ने टी20 फॉर्मेट में 1 बार शतक का आंकड़ा पार किया।

# डोनाल्ड ट्रंप की पूर्व बहू के इश्क में पड़े टाइगर वुड्स, तस्वीर साझा कर दी जानकारी

**वाशिंगटन।** इश्क किसी जाति, धर्म, प्रतिष्ठा, पद आदि का मोहताज नहीं होता...ये किसी से भी हो जाता है। इसका जीता जागता उदाहरण टाइगर वुड्स और वैनेसा ट्रंप हैं। दोनों एक-दूसरे के प्यार में इस कदर दीवाने हैं कि उन्होंने अब साथ जीवन गुजारने का फैसला कर लिया है। इसका खुलासा दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में किया। उन्होंने अपनी प्रेमिका के साथ तस्वीरें साझा कर अपने रिश्ते की पुष्टि की।



## पांच बच्चों की मां हैं वैनेसा

वैनेसा ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की पूर्व पत्नी हैं। दोनों ने 12 नवंबर 2005 में शादी रचाई थी और 2018 में उनका तलाक हो गया। वैनेसा पांच बच्चों की मां हैं और अब दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स के साथ रिश्ते में हैं। इसकी पुष्टि अमेरिकी खिलाड़ी ने खुद की। सोमवार को उन्होंने तस्वीर साझा कर कहा- 'प्यार हवा में है और तुम्हारे साथ मेरी जिंदगी बेहतर है। हम साथ मिलकर जिंदगी की यात्रा करने के लिए उत्सुक हैं। इस समय हम अपने दिल के करीब सभी लोगों के लिए गोपनीयता की सराहना करेंगे।'

### 2010 में हुआ था वुड्स का तलाक

वैनेसा की तरह वुड्स भी शादी के बंधन में बंध चुके हैं। उन्होंने स्वीडिश मॉडल एलिन नॉर्डग्रेन से शादी रचाई थी, लेकिन 2010 में उनका तलाक हो गया था। इसके बाद वुड्स का नाम कथित तौर पर अमेरिकी स्कीइंग दिग्गज लिंडसे वॉन और एरिका हरमन के साथ जुड़ा। हालांकि, अब वह वैनेसा के साथ रिलेशनशिप में हैं।

# केएल राहुल क्यों नहीं खेल रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबला? चोट नहीं ये बड़ी वजह आई सामने



**ऋषभ पंत के टीम से बाहर होने के बाद, अक्षर पटेल को कप्तान और फाफ डु प्लेसिस को उप-कप्तान बनाया गया है।**

**विशाखापत्तनमः** केएल राहुल आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यह मैच लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेला जा रहा है। राहुल अपनी पत्नी, अथिया शेट्टी के साथ रहने के लिए घर वापस चले गए हैं। ये कपल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहा है। राहुल को लखनऊ ने आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले छोड़ दिया था। बाद में दिल्ली ने उन्हें 12 करोड़ रुपये में खरीदा।

## राहुल को किया था रिलीज

केएल राहुल को पिछले साल नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ ने रिलीज कर दिया था। बाद में दिल्ली ने उन्हें 12 करोड़ रुपये में साइन किया। यह 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ उनके पहले आईपीएल कार्यकाल के 12 साल बाद हुआ है। राहुल ने हाल ही में दुबई में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एलिसा हीली, जो राहुल की नई टीम के साथी मिचेल स्टार्क की पत्नी हैं ने पहले ही बता दिया था कि विकेटकीपर-बल्लेबाज सीजन की शुरूआत में कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। हीली ने कहा था, 'हैरी ब्रूक नहीं हैं, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि उनकी जगह कौन खिलाड़ी आएगा। केएल राहुल शायद पहले दो मैच नहीं खेलेंगे, मुझे लगता है। वे (अपने) बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन वह माहौल बहुत अच्छा है।'

## फाफ डु प्लेसिस होंगे उपकप्तान

भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत को टीम से बाहर करने के बाद, दिल्ली ने इस सीजन के लिए अपनी नेतृत्व स्थिति में बदलाव किया है। अक्षर पटेल को कप्तान और फाफ डु प्लेसिस को उप-कप्तान बनाया गया है। लखनऊ के खिलाफ मैच के बाद, कैपिटल्स 30 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी।

### दिल्ली की टीम में बदलाव

टीम के साथी खिलाड़ी मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली ने पहले ही बता दिया था कि केएल राहुल शायद कुछ शुरूआती मैच नहीं खेल पाएंगे। ऋषभ पंत के टीम से बाहर होने के बाद, अक्षर पटेल को कप्तान और फाफ डु प्लेसिस को उप-कप्तान बनाया गया है। क्रिकबज के अनुसार, राहुल अपनी पत्नी अथिया शेट्टी के साथ रहने के लिए घर वापस चले गए हैं। हाल ही में इस कपल ने सोशल मीडिया पर आथिया के प्रेगनेंट होने की खबर भी शेयर की थी।

# नेट पर रोहित-सूर्या-तिलक तो मैच में सीएसके का उड़ाया होश, ऑटो ड्राइवर के बेटे विग्नेश पुथुर कैसे मुंबई इंडियंस को मिले?

**मुंबईः** भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गये इस मैच को चार विकेट से हार गयी लेकिन केरल के 24 साल के बाएं हाथ के स्पिनर ने अपनी काबिलियत से करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी को भी प्रभावित किया। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। एक रिपोर्ट की मानें तो इस होनहार ने नेट प्रैक्टिस के दौरान महान बल्लेबाजों में से एक रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, और तिलक वर्मा को भी खूब परेशान किया था। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है। केरल के इस चाइनामैन गेंदबाज ने अपने कौशल के साथ दृढ़ता और आत्मविश्वास से क्रिकेट की दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पुथुर ने चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (53) के साथ शिवम दुबे (09) और दीपक हुड्डा (03) के अहम विकेट चटकाये। पुथुर ने मैच के बाद टीम के अपने सम्मान समारोह में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सितारों से सजे ड्रेसिंग रूम में मुस्कुराते हुए कहा, मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मैं इन सभी खिलाड़ियों के साथ खेलूंगा।



### मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बोले- विग्नेश पुथुर के जज्बे को सलाम

मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे ने कहा, यह कभी भी आसान नहीं होता है (चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहला मैच खेलना)। यह एक बड़ा मैच होता है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने जज्बा दिखाया उसके लिए उसे सलाम करना चाहूंगा। भारत के इस पूर्व गेंदबाजी कोच ने कहा, वह अपने धैर्य को बनाए रखने और दबाव को शानदार तरीके से संभालने में सक्षम था, उसने वास्तव में हमें मैच में बनाए रखा। उसके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

### जसप्रीत बुमराह, पंड्या ब्रदर्स भी मुंबई इंडियंस की खोज हैं

मुंबई इंडियंस ने अतीत में दूर-दराज के इलाकों से जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या जैसी प्रतिभाओं को खोजा है और पुथुर उनकी मजबूत स्काउटिंग (प्रतिभा खोज) प्रणाली का प्रमाण है। मुंबई इंडियंस के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, यह शानदार है, मुंबई इंडियंस को इसी के लिए जाना जाता है। युवाओं को अवसर देना, स्काउट्स 10 महीने तक ऐसा करते हैं और वह (विग्नेश) उसी का खोज है।

# कमेंट्री पैनल से क्यों कट गया इरफान पठान का पत्ता?




**मुंबई।** टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान इन दिनों आईपीएल 2025 के दौरान कमेंट्री करते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से इरफान पठान आईपीएल में कमेंट्री पैनल के नियमित सदस्य रहे हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इरफान पठान को कई भारतीय क्रिकेटर्स की शिकायतों के कारण आईपीएल 2025 के लिए कमेंट्री पैनल से बाहर कर दिया गया है। इरफान पठान पर आरोप लगाए गए हैं कि वह लाइव कमेंट्री के दौरान अपना पर्सनल एजेंडा चलाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इरफान पठान को आईपीएल 2025 के कमेंट्री पैनल से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि प्रसारणकर्ता उनके द्वारा ऑन-एयर और उनके सोशल मीडिया हैंडल पर चलाए जा रहे पर्सनल एजेंडा से खुश नहीं थे। बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, 'इरफान पठान का कुछ साल पहले कुछ खिलाड़ियों के साथ झगड़ा हुआ था। तब से, वह उन पर आक्रामक तरीके से टिप्पणी करने से नहीं कतराते हैं। इरफान पठान पर सोशल मीडिया पर उन खिलाड़ियों पर निशाना साधने का आरोप है, भले ही उन्होंने उनका नाम न लिया हो।' बता दें कि 40 साल के इरफान पठान ने 22 मार्च को अपना खुद का यूट्यूब चैनल 'सीधी बात विद इरफान पठान' लॉन्च किया है। वह इस पर खेल का गहन विश्लेषण करेंगे। हालांकि, इरफान पठान कमेंट्री की जिम्मेदारी से हटाए जाने वाले पहले हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी नहीं हैं। साल 2020 में भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर को 2019 वनडे वर्ल्ड कप के दौरान रवींद्र जडेजा पर उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए बीसीसीआई द्वारा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की वनडे सीरीज के लिए कमेंट्री पैनल से हटा दिया गया था।

# महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



### भारत परिषद ने अनैतिक व महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की घोर निन्दा की

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा नारी सम्मान व अस्मिता को तार-तार करने बाली शर्मनाक टिप्पणी के विरोध में भारत परिषद् के पदाधिकारियों ने महामहीम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। भ्रष्टाचार विरोधी सामाजिक संस्था भारत परिषद् के दर्जनों पदाधिकारी सोमवार को एकत्रित हो तहसील पहुंचे और उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। भारत परिषद ने उक्त अनैतिक व महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की घोर निन्दा करते हुए महामहिम राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश राममनोहर नारायण मिश्रा द्वारा पारित आदेश को खारिज कर न्यायाधीश के विरूद्ध विधि संबत कार्यवाही करने की कृपा करें। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था के राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र बल्हारा, प्रदेश महासचिव मुलतान शर्मा व दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय 'पराक्रम' स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन





### आईपीएस आलोक शर्मा रहे मुख्य अतिथि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पराक्रम स्पोर्ट्स मीट 2025 का समापन बड़े धूमधाम से हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस अधिकारी आलोक शर्मा उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स मीट का आयोजन विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि आईपीएस आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को मानसिक और शारीरिक विकास के लिए नियमित रूप से खेलों में भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि खेलों से केवल शारीरिक फिटनेस ही नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीम वर्क और संघर्ष की भावना भी उत्पन्न होती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० डी०के० शर्मा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ०अंजुल अग्रवाल द्वारा स्पोर्ट्स मीट के समापन समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और खेल टीमों के विद्यार्थियों ने अपनी जीत का उत्सव मनाया। एचआरआईटी विश्विद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। इन खेलों के उत्सव को सकुशल संपन्न कराने में स्पोर्ट्स कन्वेनर डॉ. नवनीत शर्मा, स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. नवनीत कुमार शर्मा डीन डॉ. निर्दोष अग्रवाल, हिमांशु, अमित, ट्विंकल, अनुज कुमार, दीपक कुमार, राहुल कुमार, गौरव शर्मा मानसी, आशीष मिश्रा, डॉ शबनम जैदी, जोगेश सक्सेना, मुलायम सिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

# चॉकलेट में मिला कीड़ा
## फूड इंस्पेक्टर ने सैंपल भेजा लैब



**नोएडा।** सेक्टर-18 के डीएफएफ मॉल स्थित हैमले (हाउस ऑफ कैंडी) शॉप में पीनट चॉकलेट (कैंडी) में कीड़ा निकलने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंचे फूड इंस्पेक्टर ने चॉकलेट का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिया है। गोरखपुर लैब से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होने की बात कही जा रही है। जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद वैशाली निवासी सागर कोहली रविवार शाम को सात बजे के करीब पत्नी के साथ डीएफएफ मॉल घूमने के लिए आए। यहां सागर हाउस ऑफ कैंडी गए। उन्होंने पीनट चॉकलेट ली। सागर का कहना है कि पीनट चॉकलेट यानी कैंडी की गुणवत्ता बेहद खराब थी और उसमें कीड़े मिले। उन्होंने इसकी जानकारी नजदीकी पुलिस चौकी पर दी। डीएलएफ प्रबंधन और पुलिस से सूचना मिलते ही खाद्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

करीब आधे घंटे तक टीम मॉल के अंदर रही और हाउस ऑफ कैंडी के अंदर रखी सारी कैंडी के नमूने लिए। इस दौरान शिकायतकर्ता भी टीम के साथ था।

खाद्य निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई होगी। शॉप के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी टीमों ने खंगाला है। जिस समय सागर ने कैंडी में कीड़ा होने का मुद्दा उठाया कई अन्य ग्राहक भी वहां पर थे।

**पूरे देश में 300 से ज्यादा है स्टोर :** कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कैंडी खाने के बाद शिकायतकर्ता की तबीयत बिगड़ गई थी और उसे कुछ समय के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराना पड़ा। हालांकि खाद्य विभाग और पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। हाउस ऑफ कैंडी के पूरे देश में 300 से ज्यादा स्टोर है। पूर्व में भी अलग-अलग शॉप और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थ में कीड़े मिलने के मामले सामने आ चुके हैं।

# सूरजपुर-कासना रोड की मरम्मत जल्द
## सेक्टरों में सफाई व्यवस्था होगी बेहतर



**नोएडा(करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान के लिए नई पहल की है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अधिकारी अब उद्यमियों और उनके संगठनों के साथ नियमित बैठकें करेंगे।

सोमवार को पहली बैठक प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित की गई। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में ओएसडी नवीन कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर करने की मांग रखी। एसीईओ ने वरिष्ठ प्रबंधक स्वास्थ्य सन्नी यादव को सेक्टरों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। सूरजपुर-कासना रोड की मरम्मत का मुद्दा भी उठा। परियोजना विभाग ने बताया कि इसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। गांवों के सीवर कनेक्शन की समस्या के समाधान का भी आश्वासन दिया गया। इससे औद्योगिक सेक्टरों में सीवर की समस्या दूर होगी।

बैठक में आईआईए के राष्ट्रीय सचिव विशारद गौतम, ग्रेटर नोएडा चैप्टर के चेयरमैन राकेश बंसल समेत कई प्रमुख उद्योगपति मौजूद थे। एसीईओ श्रीवास्तव ने कहा कि उद्यमियों के साथ नियमित बैठकें कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# महाराणा सांगा संग्राम समिति ने राजपूत योद्धा पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में पैदल मार्च निकाला




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संसद में एक सपा सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा सांगा और छत्रपति शिवाजी को लेकर अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज मोहन नगर स्थित करेहड़ा गांव में हिंडन एयर फोर्स द्वार से पृथ्वीराज चौहान द्वार करेड़ा तक पैदल मार्च निकाला गया। प्रदर्शन में सभी लोगों ने सपा सांसद द्वारा दिए गए बयान को अमर्यादित मानते हुए सांसद द्वारा माफी मांगने की मांग रखी और यह आह्वान किया कि जब तक सपा सांसद द्वारा इस कथन पर माफी नहीं मांगी जाएगी यह प्रदर्शन होता रहेगा। महाराणा सांगा संग्राम समिति के संयोजक धर्मेंद्र सिंह चौहान जी कहा कि आज सायं 5:00 बजे सभी से निवेदन है कि हिंडन एयर फोर्स के द्वार पर पहुंच कर इस आंदोलन को सफल बनाने की कृपा करें। करेड़ा निवासी नरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में बप्पा रावल से लेकर महाराणा प्रताप तक किसी भी राजपूत योद्धा को मुगलों का गुलाम या कायर सिद्ध कर दे तो हम यह आंदोलन समाप्त कर देंगे। हमारा समाज और पूरा देश यह जानना चाहता है कि इस संसद ने यह घिनौना बयान किस नेता के कहने से दिया है। यह बयान एक सोची समझी साजिश है। राजपूत समाज को नीचा दिखाने के लिए। अब समय आ गया है हम सब लोग इकट्ठा हों और ऐसे नेताओं के मुंह पर लगाम लगाने के लिए हम सब का इकट्ठा होकर और इस तरह के प्रदर्शन करना अति आवश्यक है।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से धर्मेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह चौहान, भानु सिसोदिया, पुष्पेंद्र सिंह चौहान, शशांक चौहान, अनिल चौहान, अरुण पुंडीर, बृजपाल सिंह, भोपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह, सुखदेव चौहान, हरीश चौहान, मोहन सिंह, मोहित चौहान, जोगेंद्र चौहान समेत सभी लोगों ने इस प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भोला सिंह के आवास पर बैठकर प्रदर्शन की रणनीति बनाई और धर्मेंद्र सिंह चौहान ने 25 अप्रैल को पुलिस चौकी करेहड़ा पर एकत्र होने का आह्वान किया और सभी से अपील की है कि अपने सभी साथियों को लेकर समय से पहुंचने की कृपा करें।

# ईंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक की मौत, तीन घायल



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ। जेएमएस कट के पास हाईवे पर ईंट से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार चार लोगों में से एक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान संभल के मुबारकपुर निवासी मेजुद्दीन पुत्र मेहंदी हसन के रूप में हुई है। घटना सोमवार की सुबह की है। ईंटों के नीचे दबने से मेजुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य तीन लोग बच गए। हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष पुंडीर के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टीला मोड थाना पुलिस ने 15 हजार का ईनामी बदमाश पकड़ा



**लोनी, करंट क्राइम।** एसीपी सलौनी अग्रवाल ने बताया कि चोरी व लूट की घटनाओं में काफी दिनों से वांछित चल रहा राजन जोशी पुत्र मुकेश कुमार निवासी- बेहटा हाजीपुर मिलन पब्लिक स्कूल को तकनीकी प्रक्रियाओं के आधार पर स्वॉट टीम सर्विलांस टीम एवं टीला मोड थाना पुलिस ने अट्ठला चुंगी बांके बिहारी रेस्टोरेन्ट के पास जनपद मथुरा से गिफ्तार किया है।

कड़ी पूछताछ में राजन ने बताया कि अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर चोरी व लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं तथा बंटवारा कर मौज मस्ती करते हैं। राजन के विरुद्ध टीला मोड थाने एवं इन्द्रापुरम एनसीआर में चोरी व लूट की कई घटनाओं की रिपोर्टें दर्ज हैं। पुलिस ने वैद्यानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

# 2 करोड़ की रंगदारी मांगने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में 15 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश कुमार राणा ने एक निजी हॉस्टल संचालक से 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। नॉलेज पार्क थाना पुलिस गुर्जरपुर रेलवे अंडरपास के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पैर में गोली मार दी। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के अनुसार, आकाश ने 22 फरवरी को अपने साथियों के साथ अन्नपूर्णा हॉस्टल के संचालक गौरव गिरी पर फायरिंग की थी। इसके बाद जंकी एप के जरिए 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। आरोपी के साथी सोनू उर्फ हर्देश, पीके भाटी उर्फ कौशल भाटी, अर्चित और दीपक नागर पहले ही जेल में हैं। आकाश के पास से एक तमंचा, कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। मोटरसाइकिल की चोरी का मामला दिल्ली में दर्ज है। पुलिस आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।




# क्यों कम हो रही है थाने से बाबा की तस्वीर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में समय-समय पर अलग-अलग चर्चाएं सुनाई देती हैं। इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में चर्चा हो रही है कि सिटी से लेकर नदिया पार और देहात वाले जोन के कई प्रमुख थानों और कार्यालय से बीते दिनों हुए चुनाव के बाद जो बाबा की तस्वीरें हटी थी, वह दोबारा लगाई नहीं गई हैं। यह हाल सिटी के उस टेंशन वाले थाने से लेकर नदिया पार के पॉश थाने का है, जो सबसे प्रमुख माने जाते हैं। इसके साथ ही कई अन्य कार्यालय भी ऐसे हैं जहां मुख्यमंत्री की पहले फोटो होती थी, पर अब वहां से गायब है। मुख्यमंत्री की फोटो की चर्चा इसलिए भी इस वक्त शुरू हुई है क्योंकि इन दिनों प्रदेश में राजनीति को लेकर हालात कुछ अलग चल रहे हैं। तो वहीं गाजियाबाद का एक मामला राष्ट्रीय मुद्दा भी बना हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई थाने ऐसे हैं जहां बाबा की बड़ी फोटो लगी है, तो बाकायदा उसका रखरखाव भी रखा जाता है लेकिन कई थाने ऐसे हैं जहां पहले तस्वीरें होती थी और अब हट गई हैं। ऐसा क्यों और किसके आदेश पर हो रहा है या यह किसी की गलती है, यह जांच का विषय है।




बता दें कि जब से उत्तर प्रदेश में महाराज जी वाली सरकार आई थी, तो थानों, सरकारी कार्यालयों और कार्य करने की जगह उनकी तस्वीरें लगाई गई थी। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि थानों से तस्वीर क्यों हटी है और क्यों हटवाई गई है, इसको लेकर पुलिस कर्मियों के बीच भी चर्चा हो रही है, पर मसला हल नहीं हो पा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं, इसके लिए ना तो कोई आदेश जारी हुआ और ना ही कोई निर्देश। पर ऐसा क्यों हो रहा है, यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों कई इलाकों में संगठन वाले लोगों के पास भी इसकी शिकायत पहुंची थी पर अभी इस बात पर कोई रिएक्शन वाला सीन देखने को नहीं मिला है। कुल मिलाकर बीते लगभग एक सप्ताह से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात जोन के एक मामले ने तीनों जोन में टेंशन और अटेंशन बढ़ा रखी है। इसी वजह से इस मामले को लेकर शायद कोई रिएक्शन नहीं आ रहा है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में किस-किस थाने और कार्यालय में महाराज जी की तस्वीरें लगाई जाती है और पहले जैसा सम्मान दिया जता है।

# स्कूल संचालक के पुत्र को दी जान से मारने की धमकी




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक स्कूल संचालक के पुत्र को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवाड़ी निवासी रंजीत राघव स्कूल संचालक है। उनके पुत्र विष्णु राघव का आरोप है कि लगातार मेरे घर पर धमकी भरी पर्ची डाली जा रही है। इसी क्रम में वह अपने पिता को गांव खिदौड़ा से स्कूल छोड़कर वापस आ रहे थे, तो बाइक सवार दो युवकों ने रोक लिया। उन्होने धमकी दी कि या तो कस्बा निवाड़ी छोड़ दो, नहीं तो अंजाम भुगतना होगा। पीड़ित ने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वीर सपूतों के बलिदान दिवस पर स्वर्णकार समाज ने दिखाई एकजुटता
## स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने बलिदान दिवस यात्रा में अहम भूमिका निभाई



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बलिदान दिवस पर स्वर्णकार समाज ने एकजुटता का परिचय दिया और दर्जनों की संख्या में मौजूद रहे स्वर्णकार समाज के बंधुओं ने बलिदान दिवस यात्रा में अहम भूमिका निभाई संगठन के सहसचिव विक्रम भामाशाह द्वारा आयोजित बलिदान दिवस यात्रा में संगठन के अध्यक्ष मोहित सोनी व तरुण सोनी सहित दर्जनों स्वर्णकार बंधुओं ने अपनी भागेदारी निभाई साथ ही अध्यक्ष मोहित सोनी ने पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली से भी मुलाकात की।

मातृभूमि सेवा संघ द्वारा आयोजित भगत सिंह चैक पर हवन कार्यक्रम में शहीदों को नमन किया। गांव सीकरी में संगठन के संगठन मंत्री तरुण सोनी द्वारा आयोजित हिंदू युवा वाहिनी की बैठक में सर्वेश वर्मा, मोंटी वर्मा आदि ने हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी काकड़ा भेंटवार्ता की। इस दौरान दर्जनों स्वर्णकार बंधु मौजूद रहें।

# जाम से परेशान शहरवासी, अस्थाई दुकानें और अवैध पार्किंग बनीं मुख्य समस्या
## स्कूल टाइम में हालात और खराब



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। शहर के प्रमुख मार्गों पर लगने वाला जाम लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। सड़कों पर अस्थाई दुकानें और अवैध पार्किंग इस समस्या की मुख्य वजह हैं। तहसील चौराहा, मेरठ तिराहा और गढ़ दिल्ली रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन और खरीदारी करने वाले लोगों की भीड़ से यातायात बाधित होता है। स्कूल छुट्टी के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। देखरेख न होने से विफल हुई व्यवस्था शहर में पहले ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाया गया था। लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में यह व्यवस्था विफल हो गई। अब ये सिग्नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। ट्रैफिक एसआई छविराम के अनुसार, सोमवार को वाहनों की संख्या अचानक बढ़ने से जाम की स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस इस समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत है। हालांकि अभी तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है।

# मिस्र के नए युद्ध विराम प्रस्ताव के बीच इस्राइली हमले तेज, गाजा में 61 लोगों की मौत

**येरुशलम ।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध में अब तक 50 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और 1.13 लाख से ज्यादा घायल हुए हैं।

### मिस्र ने संघर्षविराम का नया प्रस्ताव दिया

मिस्र ने इस्राइल और हमास के बीच शांति बहाल करने के लिए नया प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव के तहत, हमास पांच जीवित बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें एक अमेरिकी-इस्राइली नागरिक भी शामिल है। इसके बदले में, इस्राइल गाजा में मानवीय सहायता की अनुमति देगा और कई फलस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा। हमास ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। सांसदों के वेतन और पेंशन में



बढ़ोतरी, केंद्र ने जारी की अधिसूचना; जानें अब कितनी होगी सैलरी रफाह में हजारों लोग फंसे इस्राइली सेना ने गाजा के दक्षिणी शहर रफाह के एक हिस्से को घेर लिया है, जिससे हजारों लोग वहां फंसे हुए हैं। इस्राइल ने टेल अल-सुल्तान इलाके को खाली करने का आदेश दिया, लेकिन स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि अभी भी हजारों लोग वहां फंसे हुए हैं, जिनमें राहत और बचाव कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

इस्राइली हमले में एक स्कूल को निशाना बनाया गया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। इस हमले में एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो

**गाजा पट्टी में इस्राइली हमलों में पिछले कुछ दिनों से तेजी आ गई है, वहीं बीते 24 घंटों में इस्राइली हमलों 61 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं**

गई और 18 अन्य घायल हो गए। इस्राइल का कहना है कि वह केवल आतंकियों को निशाना बनाता है, लेकिन नागरिकों की मौत के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराया।

**अमेरिकी सर्जन ने अस्पताल पर हमले की निंदा की** : गाजा में काम कर रहे अमेरिकी डॉक्टर फिरोज सिधवा ने कहा कि इस्राइली हमले में घायल अधिकतर मरीज पहले के हमलों में घायल हुए थे और इलाज करा रहे थे। उनके अनुसार, घायल मरीजों को एक ही युद्ध में दो बार दर्द सहना पड़ रहा है। इस पर इजरायल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि उनकी सेना आम नागरिकों को निशाना नहीं बना रही है और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन कर रही है। लेकिन उन्होंने साफ किया कि जब तक हमास बंधकों को नहीं छोड़ता और खतरा बना रहता है, इस्राइल का सैन्य अभियान जारी रहेगा।

# इस्राइली सेना ने गाजा के नासिर अस्पताल पर किए हमले, हमास के दो प्रमुख कमांडरों की मौत

**तेल अवीव ।** इस्राइली रक्षा बलों ने गाजा के नासिर अस्पताल में हमला करके दो प्रमुख हमास कमांडर को मार डाला। इस्राइली रक्षा बल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में नासिर अस्पताल के अंदर से काम कर रहे दो प्रमुख हमास कमांडरों को मारा गया। यह हमला खुफिया जानकारी जुटाने के बाद सटीक हथियारों के साथ किया गया था।

इस्राइली सेना ने हमास पर नागरिक स्थलों का ढाल के रूप में उपयोग करने का आरोप लगाया। सेना ने कहा कि हमास गाजा की आबादी को खतरे में डालकर नागरिक बुनियादी ढांचे का दोहन करता है। एक अस्पताल का उपयोग घातक हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए आश्रय के रूप में करता है। यह सीधे तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करना है। इस्राइली रक्षा बल ने दो प्रमुख हमास कमांडरों की हत्या की



पुष्टि की। सेना ने कहा कि हमास के गाजा ब्रिगेड के डिप्टी कमांडर और हमास के शेजैया बटालियन कमांडर की हत्या कर दी गई। उनकी पहचान अहमद सलमान अवज शिमाली के रूप में की। वह ऑपरेशन के लिए जिम्मेदार था और हमास की आक्रामक रणनीति की योजना बनाता था। वह हमास के बल का निर्माण कर रहा था। ये भी पढ़ें: ढट हान के खिलाफ महाभियोग खारिज, बनाए गए कार्यवाहक राष्ट्रपति; राष्ट्रपति येओल की मुसीबतें बरकरार इसके बाद अलावा दूसरे जमील उमर जमील वाडिया पर इस्राइली रक्षा बल के खिलाफ बटालियन के बलों को तैनात करने और बटालियन को बहाल करने और उन्हें दोबारा गठित करने के ऑपरेशन का जिम्मा संभाले था। वह 16 वर्षीय डैनियल विफ्लिक की हत्या वाले हमले में भी शामिल था। इससे पहले विशेष अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने लड़ाई के लिए हमास को दोषी ठहराया।

# महरंग बलूच पर आतंकवाद के मामले में दर्ज किया गया मामला फिलहाल क्वेटा जेल में हैं बंद

**क्वेटा ।** पाकिस्तान पुलिस ने बलूचिस्तान की मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच पर आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया है। उनपर 150 अन्य लोगों के साथ मिलकर एक मुर्दाघर से जबरन शवों को ले जाने, हिंसा भड़काने और अन्य कथित अपराधों के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। 22 मार्च को महरंग बलूच के खिलाफ सरियाब पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई एफआईआर में आतंकवाद विरोधी अधिनियम (एटीए) और पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) की विभिन्न चलाने के लिए उकसाया, जिसके चलते तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और 15 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। वहीं, एफआईआर में बीवाईसी के जिन अन्य प्रमुख नेताओं का नाम शामिल है। उनमें बीबो बलूच, गुलजादी सतकजई, सबीहा बलूच, सबातुल्ला बलूच, गुलजार दोस्त, रियाज गशकोरी और शाली बलूच शामिल हैं।

### क्वेटा जेल में बंद हैं महरंग बलूच

बता दें कि इससे पहले



धाराएं शामिल की गई है। इन आरोपों में आतंकवाद, हत्या और हत्या का प्रयास, हिंसा और विद्रोह को भड़काना, अव्यवस्था पैदा करना और नस्लीय घृणा को बढ़ावा देना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना जैसे अपराध शामिल हैं। जाफर ट्रेन दुर्घटना में मारे गए पांच लोगों के शवों को जबरन ले जाने का आरोप समाचार एजेंसी एएनआई ने डॉन के हवाले से बताया कि ये मामला क्वेटा के सिविल अस्पताल की एक घटना से संबंधित है। आरोप है कि बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) के सदस्यों ने कथित तौर पर सिविल अस्पताल के मुर्दाघर पर हमला कर जाफर ट्रेन दुर्घटना के दौरान मारे गए पांच लोगों के शवों को जबरन ले गए थे। दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है कि बीवाईसी नेतृत्व ने कथित रूप से दंगाइयों को पुलिस अधिकारियों, राहगीरों और अपने स्वयं के प्रदर्शनकारियों पर गोलियां पाकिस्तान के अधिकारियों ने शनिवार को महरंग बलूच और 17 अन्य को गिरफ्तार भी किया था। फिलहाल उन्हें कानून- व्यवस्था (एमपीओ) अध्यादेश की धारा 3 के तहत क्वेटा जिला जेल में बंद किया गया है। अभी तक इस मामले में कुल तीन एफआईआर दर्ज की गईं हैं। महरंग बलूच की गिरफ्तारी का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया गया है। वह सिविल लाइंस पुलिस की हिरासत में नहीं है और एमपीओ प्रावधानों के तहत क्वेटा जिला जेल में है। इस विरोध प्रदर्शन के चलते क्वेटा और आस-पास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं रविवार को लगातार चौथे दिन बंद रहीं। हालांकि पीटीसीएल के अधिकारियों ने रविवार देर शाम दावा किया कि सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, लेकिन यूजर्स को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# अमेरिका का हूतियों को करारा जवाब, यमन में किए ताबड़तोड़ हवाई हमले, एक की मौत और 15 अन्य लोग घायल

**सना ।** यमन की राजधानी सना में एक आवासीय इमारत पर अमेरिकी हवाई हमलों में एक युवक की मौत हो गई। जबकि 15 लोग घायल हो गए। अमेरिका ने बीते दिनों हूतियों के नियंत्रण वाली सना पर लगातार हमले किए हैं। हूती नियंत्रित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि सना के उपनगर असर में हुए हमले में हुए घायलों में तीन बच्चे और दो महिलाएं शामिल हैं। लोगों ने हमले को बहुत हिंसक बताया है। वहीं बचाव दल इमारत के मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि लाल सागर में तैनात अमेरिकी सेना ने यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर हवाई हमले किए। इसमें प्रांत के केंद्रीय शहर के आसपास के क्षेत्र, जो हूतियों का गढ़ है को निशाना बनाया गया। ये हमले हूतियों द्वारा उत्तरी लाल सागर में यूएसएस हैरी



एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत और मध्य इस्राइल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हमले के बाद हुए।

इससे पहले अमेरिका ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की थी। यह बमबारी राजधानी सना और उत्तर पश्चिम में स्थित सादा शहर में की गई। बमबारी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती विद्रोहियों को धमकी दी और कहा कि वे उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने साथ ही ईरान को भी चेताया और ईरान पर हूती विद्रोहियों की मदद करने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा था कि हूतियों को इस बमबारी में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। यह धीरे-धीरे बदतर होता जाएगा। यह बराबरी की लड़ाई भी नहीं है और ना कभी होगी। उन्हें पूरी तरह से तबाह कर देंगे। ट्रंप ने हूतियों को हथियार देने के लिए ईरान को चेतावनी भी दी और दावा किया कि ईरान ने हूतियों को सैन्य आपूर्ति कम कर दी है, लेकिन उसे इस पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए।

ईरान पर हूतियों के समर्थन के लगते हैं आरोप

ईरान पर लंबे समय से हूतियों की मदद करने के आरोप लग रहे हैं। हूति यमन के अल्पसंख्यक शिया जैदी समुदाय के लोग हैं। इस वर्ग ने साल 1962 तक करीब हजार साल तक यमन पर राज किया। हालांकि ईरान इन आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज करता रहा है। इस्राइल और हमास की लड़ाई के बाद हूतियों पर लाल सागर के इलाके में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाने के आरोप लगे। इस दौरान हूतियों ने करीब 100 व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया।

# बाल मंत्री थोर्सडॉटिर का इस्तीफा मंजूर, 23 की उम्र में बनी थीं 16 वर्षीय किशोर के बच्चे की मां

**लंदन ।** आइसलैंड के राष्ट्रपति ने रविवार को उत्तरी अटलांटिक द्वीप राष्ट्र की शिक्षा एवं बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडॉटिर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। थोर्सडॉटिर ने अपने पद से इस्तीफा देने का कदम तब उठाया, जब एक 15 वर्षीय लड़के के साथ उनके तीन दशक पुराने रिश्ते का खुलासा हुआ और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया।

58 वर्षीय थोर्सडॉटिर ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 23 वर्ष की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे एक संतान भी हुई। उस दौरान बच्चे का पिता 16 वर्ष का था। पिछले सप्ताह राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी इसका खुलासा किया, जिसके बाद थोर्सडॉटिर ने अपने पद से इस्तीफा दे



दिया। आरयूवी के मुताबिक, यह संबंध तब शुरू हुआ, जब दोनों की मुलाकात एक चर्च के युवा समूह में हुई थी, जब किशोर 15 वर्ष का था।

बता दें कि आइसलैंड में यौन सहमति की आयु 15 वर्ष है, लेकिन किसी वयस्क द्वारा किसी किशोर के साथ यौन संबंध बनाना अपराध है, जिसे वे पढ़ाते हैं और मार्गदर्शन करते हैं।

# पुलिस कार्रवाई के विरोध में उतरे बलूच प्रदर्शनकारी, समिति ने निकाली विरोध रैली

**क्वेटा ।** बलूचिस्तान के लासबेला में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाने और आंसू गैस के गोले दागने पर बलूच मानवाधिकार समूह बलूच यकजेहती समिति ने विरोध में रैली निकाली।

एक्स पर समिति ने कहा कि रैली में बलूच लोगों का उत्पीड़न समेत कई मुद्दे उठाए। सुबह बलूच सॉलिडेरिटी कमेटी ने धरना प्रदर्शन के खिलाफ और गिरफ्तार लोगों की बरामदगी के लिए विरोध रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। साथ ही लापता लोगों के रिश्तेदार भी रैली में शामिल हुए।

क अन्य एक्स पोस्ट में बलूच यकजेहती समिति ने कहा था कि वह महरंग बलूच, बेबिगर बलूच और बेबो बलूच के गायब होने और गिरफ्तारी के खिलाफ 24 मार्च को धरना देगी। जब तक कार्यकताओं को सुरक्षित रूप



से बरामद नहीं किया जाता। तब तक हम चुप नहीं बैठेंगे। क्योंकि चुप रहना उत्पीड़न सहना होता है।

### संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत ने की निंदा

महरंग बलूच की गिरफ्तारी की संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत मैरी लॉलर ने निंदा की। उन्होंने कहा कि बलूच यकजेहती समिति के प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किए जाने से चिंतित हूं।

इससे पहले पाकिस्तान में मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच को क्वेटा पुलिस-प्रशासन ने शनिवार को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह अपने समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन में हिस्सा ले रही थीं। माना जा रहा है कि बलूच यकजेहती समितियों (बीवाईसी) द्वारा बुलाए गए ।

# पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज, बनाए गए कार्यवाहक राष्ट्रपति, राष्ट्रपति येओल की मुसीबतें बरकरार

**सियोल।** राजनैतिक गतिरोध का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया में प्रधानमंत्री हान के खिलाफ महाभियोग खारिज कर दिया गया है। साथ ही उन्हें कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। हालांकि अदालत ने राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ अलग से महाभियोग चलाने पर अभी तक कोई फैसला नहीं सुनाया है। गौरतलब है कि येओल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लगाने के उनके फैसले के कारण नेशनल असेंबली द्वारा महाभियोग लगाया गया है। जिसके बाद उन्हें सत्ता से निलंबित कर दिया गया था।

इसी के चलते बने राजनीतिक संकट के बीच विपक्षी सांसदों ने दिसंबर के अंत में हान पर भी विधानसभा द्वारा महाभियोग लगाया था। उप प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री,



चोई सांग-मोक, तब से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे थे।

संवैधानिक न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उसने हान के महाभियोग को पलटने का फैसला किया है, लेकिन उसने अभी तक यून के महाभियोग पर फैसला नहीं सुनाया है। अब ऐसे में अगर न्यायालय यून के महाभियोग को बरकरार रखता है, तो दक्षिण कोरिया को नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव कराना होगा। अगर न्यायालय उनके पक्ष में फैसला सुनाता है, तो यून को पद पर बहाल कर दिया जाएगा और उन्हें राष्ट्रपति पद की अपनी शक्तियां वापस मिल जाएंगी। पहले लगाया गया राष्ट्रपति यून सुक येओल पर महाभियोग यून पर हान से करीब दो हफ्ते पहले महाभियोग लगाया गया था। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो चुका है।

# कनाडा में अगले महीने चुनाव: समय से पहले होंगे मतदान, मुकाबले में खड़े नेताओं का भारत पर रुख

**वॉशिंगटन ।** कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 14 मार्च को देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। जस्टिन ट्रूडो की घटती लोकप्रियता और उनकी नीतियों के विरोध के बीच कार्नी ने कनाडा की जनता से वादा किया था कि वह लिबरल पार्टी को फिर से मुकाबले में लाएंगे और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए जा रहे भारी-भरकम टैरिफ से निपटने के लिए योजना भी तैयार करेंगे। हालांकि, महज 10 दिन बाद ही उन्होंने कनाडा में समयपूर्व चुनाव कराने का एलान कर दिया। इसी के साथ कनाडा में 28 मार्च को नई सरकार के लिए मतदान होना है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर लिबरल पार्टी के नवनिर्वाचित नेता और कनाडा के नए पीएम ने इतनी जल्दी चुनाव की तारीखों का एलान क्यों कर दिया? कनाडा में यह चुनाव कैसे होंगे? इसके अलावा कनाडा के चुनाव में



इस बार कार्नी के सामने कौन-कौन सी चुनौतियां होंगी? कनाडा में इस बार पार्टियों के सामने क्या-क्या मुद्दे होंगे? आइये जानते हैं... कनाडा में क्यों हुआ समयपूर्व चुनाव का एलान? अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही उसके पड़ोसी कनाडा में सियासी उथल-पुथल मची है। दरअसल, ट्रंप ने कई ऐसे एलान किए हैं, जिसके चलते कनाडा की अर्थव्यवस्था मुश्किल में पड़ती दिखाई दे रही है। आलम यह है कि ट्रंप के टैरिफ लगाने के फैसले पर दिसंबर में ही सरकार के बीच दरार खुल कर सामने आ गई। कनाडा सरकार में उप प्रधानमंत्री ने वित्त नीति पर मतभेद के चलते दिसंबर में ही इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी 6 जनवरी को प्रधानमंत्री पद छोड़ने का एलान किया।

इसके बाद सत्ता में आए मार्क कार्नी, जिन्होंने ट्रंप की नीतियों के जवाब में कनाडा को मजबूत करने की बात कही। कनाडा में चुनाव इस साल अक्तूबर के करीब होने थे और माना जा रहा था कि कार्नी अगले छह महीनों में लिबरल पार्टी की घटती लोकप्रियता की दिशा मोड़ देंगे। हालांकि, 24 मार्च (सोमवार) से शुरू होने वाले संसद सत्र से पहले ही कार्नी ने 23 मार्च (रविवार) को एलान किया कि कनाडा में 28 अप्रैल को चुनाव होंगे।

कनाडा में चुनाव की तारीख के एलान के बाद समीकरण कैसे; क्या ट्रेड वॉर और ट्रंप की धमकियों का पड़ेगा असर? कनाडा की मीडिया के मुताबिक, कार्नी कनाडाई संसद में अपनी सरकार से होने वाले सवाल-जवाब और खुद के बिना चुने हुए प्रधानमंत्री पद लेने पर बहस को ज्यादा न बढ़ने देने का फैसला किया। कनाडा में बीते वर्षों और इस साल जनवरी में किए गए सर्वे में ट्रूडो के नेतृत्व में लिबरल पार्टी की सत्ता में वापसी मुश्किल दिख रही थी।

# नेतन्याहू के खिलाफ बढ़ रहा असंतोष

**तेल अवीव ।** पश्चिमी एशियाई देश इस्राइल हमास के साथ 16 महीने से जारी हिंसक संघर्ष के अलावा कुछ अन्य क्षेत्रीय देशों के साथ तनाव को लेकर लगातार चर्चा में है। कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इस देश में अब गृह युद्ध की आशंका है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत सरकार के खिलाफ लोग बड़े पैमाने पर विरोध-



प्रदर्शन कर रहे हैं। ताजा घटनाक्रम में इस्राइली सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इस्राइली सरकार देश के शीर्ष कानूनी और सुरक्षा अधिकारियों को हटाने पर अड़ी रहेगी तो सांविधानिक संकट पैदा हो सकता है। बता दें कि पीएम नेतन्याहू ने पिछले सप्ताह शिन बेट (आंतरिक सुरक्षा सेवा) के प्रमुख रोनेन बार को बर्खास्त करने का एलान कर चुके हैं।

# ट्रंप के कारण इस्तीफा देने वाली अटॉर्नी जनरल का घर में मिला शव, संदिग्ध मौत पर खड़े हो रहे सवाल

**वर्जीनिया ।** अमेरिका में अटॉर्नी जनरल रहीं जेसिका एबर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बीते शनिवार को उनका शव वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में उनके घर पर मिला। जेसिका एबर ने अमेरिका के पूर्वी वर्जीनिया (एउश्अ) में बतौर अटॉर्नी जनरल अपनी सेवाएं दी थी। बतौर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा शपथ लेने के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने के दो महीने बाद उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत संदेह के घेरे में है। जेसिका की मौत को लेकर पुलिस ने बयान जारी किया है। पुलिस का कहना है कि उनकी मौत की परिस्थितियों के बारे में जांच चल रही है।

### पुलिस बोली- मौत की हो रही जांच

जेसिका एबर की संदेहास्पद मौत को लेकर अलेक्जेंड्रिया पुलिस विभाग ने बयान जारी किया है। इसमें पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को स्थानीय समयानुसार सुबह 9:18 बजे एक



बेहोश महिला के बारे में कॉल मिली थी। इसके बाद पुलिस जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। जहां घटनास्थल पर एबर मृत मिलीं। पुलिस ने यह भी कहा कि वर्जीनिया के मुख्य चिकित्सा अधिकारी अब पोस्टमार्टम से उनकी मौत के कारण और तरीके का पता लगाएंगे। वहीं, जहां एबर का शव मिला वह उन्हीं का आवास था या नहीं, इस बारे में रिपोर्ट्स में अलग-अलग बातें कही जा रही हैं। वर्जीनिया पुलिस का कहना है कि एबर की मौत को लेकर जांच की जा रही है।

वहीं, वर्जीनिया पूर्वी जिले के वर्तमान अटॉर्नी एरिक एस सीबर्ट ने जेसिका की मौत पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि एबर की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ है। एक नेता और मार्गदर्शक के रूप में वे बेजोड़ और एक इंसान के रूप में वे बहुत अच्छी थीं। उन्होंने बेहद कम वक्त में अपने काम से बहुत कुछ हासिल किया। वह पूर्वी वर्जीनिया जिले एउश्अ से प्यार करती थीं और हम सब भी उन्हें बहुत प्यार करते थे। हम इस नुकसान से दुखी हैं। जेसिका एबर का जन्म वर्जीनिया में हुआ था। वहीं उनका लालन-पालन हुआ।

# विद्युत, ट्रैफिक, पीडब्ल्यूडी, विज्ञापन, आईजीएल अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त ने की समन्वयक बैठक

## नगर आयुक्त ने दिए निर्देश, सीएम ग्रिड में टीम के रूप में कार्य करें सभी विभाग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा सीएम ग्रिड के अंतर्गत नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में विद्युत, आईजीएल, ट्रैफिक, विज्ञापन तथा पीडब्ल्यूडी विभाग की बैठक हुई जिसमें आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं को रफ्तार देने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एसीपी ट्रैफिक जहाजुद्दीन अहमद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, विद्युत विभाग से अमित सक्सेना तथा एस ई अखिलेश सिंह, आईटीएमएस से डीके शर्मा तथा आईजीएल में एफकोन कंपनी की टीम उपस्थित रही जिनके द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर चल रहे कार्यों की प्रगति की प्रेजेंटेशन टीम को दी गई। गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर हित में शासन की योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने का बेहतर प्रयास किया जा रहा है।

जिसमें नगर आयुक्त के नेतृत्व में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा सी एम ग्रिड योजना के कार्य सफलतापूर्वक किया जा रहे हैं जिसकी मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी को कहा गया, उपस्थित सभी विभागों ने अपने-अपने डिपार्टमेंट संबंधित विषय नगर आयुक्त के समक्ष रखे गए जिनको विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को रफ्तार देने की योजना बनाई गई।

### आईटीएमएस का ग्राउंड पर 1 अप्रैल से शुरू होगा कार्य : विक्रमादित्य सिंह मलिक

**करंट क्राइम।** इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य 1 अप्रैल से धरातल पर प्रारंभ हो जाएगा नगर आयुक्त द्वारा बताया गया इसके अलावा नगर आयुक्त द्वारा शासन की योजना सी एम ग्रिड के कार्यों को पूर्ण रूप से बेहतर बनाने के लिए आईजीएल तथा विद्युत विभाग को रोड कटिंग से पूर्व आवश्यक सूचना देने के लिए कहा गया साथ ही गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग का पूर्ण सहयोग करने के निर्देश भी दिए गए, आईटीएमएस के अंतर्गत 41 स्थान पर सिग्नल लगाने तथा कैमरा इंस्टॉल करने का कार्य प्रारंभ किया जाना है जिसके लिए चल रहे कार्यों की प्रेजेंटेशन एफकौन इंडिया कंपनी से हेड ऑफ प्रोजेक्ट मोहित गिरधर द्वारा दी गई।

# विश्व क्षय रोग दिवस : रेडक्रॉस सोसाइटी ने 50 चयनित रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प टी.बी. मुक्त भारत अभियान की कड़ी में विश्व क्षय रोग दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद द्वारा रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के सौजन्य से 50 चयनित क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की गरिमामई उपस्थिति में डूंडाहेड़ा गाजियाबाद स्थित राजकीय चिकित्सालय में वितरित की गई।

मयंक गोयल का स्वागत रेड क्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता, रो.वरुण गौड़, रो. अंकुर अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, राजेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, राकेश गुप्ता, विपिन अग्रवाल, प्रवीण शर्मा, राजेश गर्ग व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अतुल आनंद के साथ चिकित्सालय प्रबंधन समिति व अन्य चिकित्सकों द्वारा माला,पटका, बुके व सम्मान प्रतीक द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

मयंक गोयल द्वारा रेड क्रॉस और रोटरी के इस सेवा गठबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी अस्पताल की हर सेवा कार्य के लिए वो स्वयं क्षेत्रीय विधायक व सांसद को साथ लेकर सदा ही तत्पर रहेंगे। डॉ. अतुल आनंद ने सभी रोगियों को सचेत किया कि घर से बाहर निकलते हुए और घर में भी मास्क लगाकर रखें। सुभाष गुप्ता ने रेड क्रॉस का साथ देने के लिए रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट की पूरी टीम तथा आज की पोटली के प्रायोजक अंकित अग्रवाल का आभार प्रकट किया तथा सभी मरीजों को स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं देते हुए दवाई का नियमित सेवन करने की अपील की।

रेड क्रॉस ने आज क्षय रोग दिवस मनाया जिसमें कोई भी अधिकारी सदस्य उपस्थित नहीं था। इस पर टिप्पणी करते हुए सुभाष गुप्ता ने कहा कि जब तक मेरे शरीर में जान है, प्राण है कोई भी अवरोध मेरी गति को नहीं रोक सकता। कार्यक्रम में मयंक गोयल के आगमन से रेडक्रॉस की प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है।

# प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय रोजगार मेला किया जायेगा आयोजित : जिला सेवायोजन अधिकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रमुख सचिव व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा 21 मार्च, 2025 को आयोजित समीक्षा बैठक की गई एवं मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा दिये गये निर्देशों के अन्तर्गत, प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुरादनगर, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद के सौजन्य से तीन दिवसीय (25, 26 एवं 27 मार्च, 2025) एक वृहद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में लगभग 20 से अधिक कम्पनियों के पास 3000 रिक्तियां हैं। रोजगार मेला कविनगर रामलीला मैदान, गाजियाबाद में आयोजित किया जायेगा।

इस रोजगार मेले की जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुरादनगर, गाजियाबाद के प्रधानाचार्य कृष्ण दत्त मिश्र ने दी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले का मूल उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।

# जल निकासी की समस्या के लिए सीडीओ ने दिए टेक्निकल सर्वे के निर्देश

## मार्च के अंत तक समाधान का आश्वासन



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** डीएम प्रेरणा शर्मा के निर्देशन में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने की। उद्यमियों ने एमजी रोड औद्योगिक क्षेत्र की सड़क और नाला निर्माण की समस्या उठाई। सीडीओ ने यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक को इस मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पटना की औद्योगिक इकाइयों में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टीम में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी शामिल हैं। टीम तकनीकी सर्वेक्षण करेगी। सीडीओ ने सुनीं समस्याएं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने व्यापार बंधु की सभी समस्याओं के समाधान की समय सीमा मार्च माह के अंत तक निर्धारित की है।

बैठक में उपायुक्त उद्योग, धौलाना के एसडीएम अंकित वर्मा और सीओ, विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, यूपीसीडा के अधिकारी और विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।

# मेरठ से आई तीन महिलाओं पर धर्मांतरण का झूठा आरोप

## मोदीनगर में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने किया हंगामा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के गांव विद्यापुर में सोमवार शाम को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। स्थानीय निवासी गोपाल कुमार के घर पर चल रहे धार्मिक आयोजन में मेरठ और दिल्ली से आई तीन महिलाएं मंत्रोच्चारण कर रही थीं। कुछ ग्रामीणों ने इसे धर्मांतरण का प्रयास समझ लिया। इसके बाद हिंदू युवा वाहिनी के नीरज शर्मा अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही मोदीपोन पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों महिलाओं को चौकी ले जाकर पूछताछ की। जांच में पता चला कि इनमें से दो महिलाएं ब्राह्मण और एक बौद्ध धर्म की हैं। महिलाओं ने बताया कि वे मेरठ की एक धार्मिक संस्था से जुड़ी हैं और केवल धार्मिक प्रचार के लिए गांव आई थीं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने स्पष्ट किया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में धर्मांतरण का कोई मामला सामने नहीं आया है। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रण में कर लिया है।

## जर्जर तुलसी निकेतन की बदलेगी सूरत

# 2292 खतरनाक फ्लैट की जगह बनेंगी आधुनिक बहुमंजिला इमारतें



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने तुलसी निकेतन योजना को नए रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। 1990 में बसाई गई इस कॉलोनी में 2292 फ्लैट और 60 दुकानें हैं, जहां करीब 20 हजार लोग रहते हैं। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने स्थिति का जायजा लेकर निवासियों की समस्याएं सुनीं। कॉलोनी की स्थिति चिंताजनक है।

दीवारों का प्लास्टर गिरने से कई लोग घायल हो चुके हैं। मामूली बारिश में भी यहां कई फुट पानी भर जाता है। पीने का पानी भी दूषित आता है। पानी की टंकी की स्थिति भी खतरनाक है। प्राधिकरण ने कराए गए सर्वे में इन मकानों को रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया है। अब जीडीए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर निजी विकासकर्ताओं के साथ मिलकर 16 एकड़ क्षेत्र में नई बहुमंजिला इमारतें बनाएगा। इस योजना में 2004 ईडब्ल्यूएस और 288 एलआईजी मकान शामिल थे, जिन्हें अब आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जाएगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार लग रहा है क्रासिंग वाली भगवा दीदी की पूरी राय से रहनी है मजबूत प्रीत? पता चला है उन्होंने पहली लड़ाई मैडम सिंह से ली है जीत? बिहार वाले प्रोग्राम को लेकर भगवा योद्धा ने उन्हें सौंपी थी कार्यकताओं को फोन करने की जिम्मेदारी? इस जिम्मेदारी के मिलते ही हो गया है पूरे राय से मैडम का पलड़ा भारी? अभी से दिखने लगे हैं भविष्य के संकेत? मेन टीम में स्थान बना सकता है इस बार क्रासिंग वाली मैडम का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि संगठन के एक त्यागी चेहरे अभी तक पूरी शिद्दत से नजर नहीं आ रहे हैं भगवा योद्धा मयंक भैया के आस-पास? कहने वाले ने कहा हमने पद ग्रहण कार्यक्रम से लेकर अब तक की तमाम गतिविधियों को नोट किया है? उनके दर्शन नहीं हो रहे हैं उनके साथ खास? कहने वाले ने कहा इस वाली घोषणा से शायद हरे हो गये हैं किसी के पुराने जख्म? मरहम कहां से मिलेगी ये पता नहीं चल रहा है ना जाने क्या है सितम? कहने वाले ने कहा अगर और कुछ दिन वो नजर नहीं आये भगवा योद्धा के करीब? समझ लेना उनकी संगठन में जाने की मुराद हो जायेंगी बहुत ज्यादा वीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता चला है कुछ मामला पंजाबी चेहरे का संगठन में आने वाली दावेदारी में हिला है? सुना है उनके संघ वाले बड़े चेहरे का बदल चुका है स्थान? इसलिए अब और ज्यादा मेहनत से करना होगा उनका काम? स्थान बदलने से उनकी सिफारिश पड़ती हुई दिख रही है कमजोर? ना जाने कैसे उडायेंगे वो केवल धागे से पतंग और छुएंगे छोर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि महामंत्री वाली दौड़ में इस वक्त मजबूत दिखाई दे रही है चाबी खो जाने वाले त्यागी जी की पारी? वो बिरादरी फैक्टर में पड़ेंगे इस बार कई चेहरों पर भारी? विधायक जी का मिलेगा उन्हें भरपूर वाला साथ? क्योंकि विधायक जी चुप नहीं रहेंगे, दिल से रखेंगे उनकी बात? वैसे भी उनके कहने से काम हुआ समझो? अभी से हो गई है उनकी दुआ कबूल? खिलेगा उनकी किस्मत का फूल? उनकी सीचेंगी मजबूत वाली क्यारी? चल जायेगी उनकी वजह से कई नामों पर आरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी पंजाबी फैक्टर पर होती है बात? तब आप पप्मी सरदार जी का भी नाम रखा करो यार? पार्टी में हैं उनके समर्पण का तीस साल पुराना वाला इतिहास? उनके समर्पण को लेकर खुद अपने शब्दों से उल्लेख कर चुकी हैं मेयर साहब? कहने वाले ने कहा इस बार मुख्य टीम में मिलना चाहिए इस चेहरे को स्थान? अगर टीम में बात ना बने तो नामित में होना चाहिए इनके नाम का समाधान? कब तक इतने सीनियर व्यक्ति को इग्नोर करके जूनियर्स को मिलता रहेगा सम्मान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी है इस बार लाईन पार पर पूरी नजर? देखना अब ये है यहां से कौन सा ओबीसी चेहरा महामंत्री बनता है, किसकी करेंगे भगवा योद्धा यहां पर फिक्र? एक चेहरा गुर्जर है तो दूसरा यादव है साहब? एक चेहरा खुद को बताता है योद्धा का खास? दूसरा चेहरा नजर आता है अक्सर भगवा कमांडर के साथ? देखना अब ये है कि लाईन पार के कोटे से बनेगी दोनों में से किसकी बात? हम देख रहे हैं जब से बढ़ा है कम्पटीशन, तब से दोनों नजर नहीं आते हैं एक साथ? वैसे कह दिया तो हुआ वालो का है इन यादव चेहरे के कंधे पर हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ठाकुर फैक्टर को इस बार भाजपा नहीं करेगी मुख्य टीम में इग्नोर? एक ठाकुर का महामंत्री बनना है लगभग श्योर? सुना है इस मामले में दिल्ली वाले भैया जी का आशीर्वाद दिखायेगा असर? ये आशीर्वाद नहीं छोड़ेगा नदिया पार के असरदार सरदार के लिए कोई कसर? सुना है इस बार किसी का चमन खिलने के कम हैं चांस? भगवा सरदार का मामला मजबूत नजर आ रहा है? दिल्ली से तो ऐसा ही संदेश फिलहाल हमारे पास आ रहा है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आयरन वाली सिटी में हो रही है इस वक्त चर्चाएं आम? कहने वाले कह रहे हैं कि क्या यहां का एक ही परिवार भगवागढ़ की राजनीति करेगा श्रीमान? पहले भी मैम्बर मामला है इस परिवार के पास? सुना है परिवार के दूसरे सदस्य भगवा कमिश्नरी में महानमंत्री बनने का कर रहे हैं प्रयास? कहने वाले ने कहा उनका गेम बिगाड़ने को तैयार कर लिया है कई चेहरों ने प्लान? वो पार्टी के बड़े नेताओं के पास जाकर अपना विरोध प्रकट करेंगे? कहेंगे हमें सन्यास दे दो, बाकी सबकुछ इनको दे दो श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बिना नाम लिये एक मैडम पर शब्दों के तीर छोड़ने वाली मैडम सिंह ने शुरू कर दिये हैं संगठन में आने के प्रयास? सुना है उन्होंने हाल ही में की थी भगवा योद्धा से मुलाकात? देखना अब ये है ये मुलाकात क्या दिखायेगी असर? क्या इस मुलाकात में दिखेगा राजी के आशीर्वाद का असर? कहने वाले ने कहा वैसे भी इन मैडम का रहा है सक्रियता का एहसास? मगर गुटों मे बटी राजनीति ने इन्हें लम्बे समय के लिए शांत कर दिया था साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात बता रहे हैं हजुर? भगवा कमांडर ही सिस्टम से निवर्तमान हुए हैं? उनकी टीम का बाकी कोई सदस्य अभी नहीं हुआ है पूर्व? बावजूद इसके पहलवान से लेकर चौहान कई सदस्य करा रहे हैं पूर्व होने का एहसास? कहने वाले ने कहा अभी तो दो महीने का समय और पड़ा है? अभी तो संभवानाएं बचीं है साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम पार्षद शीतल चौधरी ने अपनी बिटिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। बिटिया के हैप्पी बर्थडे की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।